CMYK

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 17 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 356 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब...साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब..साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है।

**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**



## किश्तवाड़ में अब तक 65 शव बरामद

**500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी लापता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की।

# पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना

**वाशिंगटन, वार्ता**



- पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया, ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा : उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। पुतिन ने कहा उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया।

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है।

## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

**नई दिल्ली, वार्ता**

**कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं**

**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार -शेष पृष्ठ दो पर

### हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -शेष पृष्ठ दो पर


**मिरगी**

**घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं**

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

**मिरगी के लक्षण**

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ **डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'** के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

**मिलने का पता**

**मार्शल चिकित्सा केन्द्र**

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

**नोट** जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।






xmart

To book online visit auto.mahindra.com.

**BAJRANG MOTORS**
HALDWANI 7617595006 9997191416
PITHORAGARH 7060201577
ALMORA 9997051025
BAGESHWAR 8126177772
CHAMPAWAT 8126177778

**KUMAR AUTOWHEELS PVT.LTD.**
RUDRAPUR 8192835111 8449101234
KASHIPUR 8449904477
KHATIMA 8191899023
SITARGANJ 8193899109

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच सिम्पसन का निधन

**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक प्रभावशाली व्यक्ति सिम्पसन ने अपने देश के लिए 62 टेस्ट खेले और टीम के पहले पूर्णकालिक कोच के रूप में, एलन बॉर्डर और मार्क टेलर के कप्तानी कार्यकाल के दौरान 1980 और 1990 के दशक के अंत में टीम को उभरने में मदद की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा कि बॉब सिम्पसन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक थे और यह उन सभी के लिए दुखद दिन है, जिन्होंने उन्हें खेलते हुए देखा है या जिन्होंने उनके कोचिंग कार्यकाल के दौरान उनसे कुछ सीखा है।

### जीएसटी को सरल बनाने पर हो चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निजी निवेश और निजी खपत कमजोर रहने से अर्थव्यवस्था की गति तेज नहीं हो सकती, इसलिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार कर उसे सरल तथा सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम (एसएमएसई) के अनुरूप बनाया जाना चाहिए, इसलिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जीएसटी में सुधार उनके घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है और आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाल किला की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए इसकी याद आयी। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से कांग्रेस बुनियादी रूप से परिवर्तित जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है।

# मातृ शक्ति को सम्मान दे रही डबल इंजन सरकार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा की पीएम मोदी की प्रेरणा से कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण करवा रही है। ये छात्रावास महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान को लेकर यूपी सरकार कदम उठा रही है। कई तरह के रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। योगी ने कहा कि अवंतीबाई लोधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने भारत की आज़ादी के लिए उस समय की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नेतृत्व किया था। उनका बलिदान हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में एक



**महिलाओं के लिए बनवा रहे श्रमजीवी छात्रावास**

नई महिला पीएसी बटालियन का गठन किया है। एक प्रतिमा की स्थापना भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए केंद्र की बीजेपी सरकार और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे हैं। तीन नई महिला बटालियन का गठन वीरांगनाओं के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में शरीक होने से पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी, साहस व शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने लिखा-आपका क्रांतिकारी संघर्ष, मातृभूमि के प्रति निष्ठा एवं बलिदान हमारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

### राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे अटल: सीएम

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल वाकई में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लोकभवन में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। इस दौरान योगी ने पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धेय अटल जी की छह दशकों की राजनीतिक यात्रा पूरी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देती है। योगी ने कहा कि उनकी पावन स्मृतियों को नमन। जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, राष्ट्रधर्म के निर्भीक प्रहरी, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि वे भारतीय राजनीति में शुचिता के शिल्पकार, संवाद में सौम्यता तथा संयम के स्वर, राष्ट्रनीति में नैतिकता और राष्ट्रधर्म के ध्वजवाहक थे। श्रद्धेय अटल जी सच्चे अर्थों में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। गौरतलब है कि इससे पहले उन्होंने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

# कांग्रेस ने भाजपा को मतदाता संघ व उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को मतदाता सूची, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जब-जब यात्रा शुरू की लोकतंत्र ने करवट ली है और इस बार बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की जा रही है, इसलिए वहां बदलाव आएगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने मतदाता सूची मामले में भाजपा को घेरते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) का नाम लेने पर, उपराष्ट्रपति चुनाव और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के गायब होने को लेकर भी घेरा। खेड़ा ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि गांधी की वोटर अधिकार यात्रा रविवार से बिहार की सासाराम में शुरू हो रही है, जो 16 दिन में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उनका कहना था कि यह बिहार में परिवर्तन की यात्रा होगी। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया और यह यात्रा बिहार में बदलाव लाने वाली यात्रा साबित होगी। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी जी यात्रा के लिए निकले हैं, इस देश के लोकतंत्र ने करवट ली है।

# गणशेखरन ने जीता डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने पुरुष एकल का खिताब

**विएंतियाने।** भारत के सत्यन गणशेखरन ने डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुक. ाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।

लाओस के आईटीईसीसी मॉल में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने फाइनल में जापान के विश्व नंबर 95 रयोइची योशियामा को 3-0 (11-4, 11-6, 12-10) से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 25 मिनट तक चला। टूर्नामेंट की शुरुआत में दूसरे वरीयता प्राप्त जी- सत्यन ने पहले राउंड में लाओस के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी अनाने वोंगसा को 3-0 (11-5, 11-4, 11-7) से हराया। इसके बाद उन्होंने सिंगा. पुर के ली एल्सवर्थ को 3-1 (3-11, 11-2, 11-7, 11-7) और हमवतन अक्ष पॉल को कड़े मुकाबले में 3-2 (11-9, 11-4, 4-11, 10-12, 11-8) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में सत्यन ने हांगकांग के क्वान टो यिउ को 3-0 (11-3, 11-5, 12-10) से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने प्री-क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के यिक मैन पाउ और चुन कित चोय को 3-2 (14-12, 10-21, 11-5, 6-11, 11-6) से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने सऊदी अरब के ओलंपियन अली अलखद्रावी और अब्दुलअजीज बु शुलैबी को 3-2 (8-11, 11-9, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी। वहीं सेमीफाइनल में उन्हें हांगकांग के मैन हो क्वान और हॉन मिंग ली को मात दी।

## यूपी के 20 जिलों में बाढ़: फर्रुखाबाद में गर्भवती ने नाव पर तोड़ा दम

# बाढ़ का पानी गांवों में घुसा, आमजन बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियों के उफान से 20 जिलों में हालात खराब हो गए हैं। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। फर्रुखाबाद जिले में बाढ़ से 3 तहसीलों के करीब 50 गांव प्रभावित हैं. यहां एनडीआरएफ और फ्लैट पीएससी की टीमें तैनात हैं। प्रशासन लगातार जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ में कई बीघा फसल डूब चुकी हैं, आम जनजीवन बेहाल है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाढ़ का प्रकोप जारी है। बीते दिन एक मंदिर शारदा नदी के कटाव में समा गया।



पीलीभीत की देवहा नदी में 51000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी उफान पर है। निचले इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव के मामले बीच सामने आ रहे हैं। नदी में लगातार बढ़ता जलस्तर देखकर प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड पर हैं। निचले इलाकों में जाकर लोगों को अनाउंसमेंट कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने के साथ-साथ ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। दरअसल पीलीभीत शहर के करीब से होकर गुजरने वाली देवहा नदी में 40000 क्यूसेक से ऊपर पानी जब भी छोड़ जाता है, तब यह नदी उफान पर आ जाती है। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी में भी पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर देखा जा रहा है। इस नदी में भी 2 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने कटान कर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी किनारे बसे राहुल नगर कबीरगंज समेत कई गांव के लोग लगातार हो रहे कटान को देखकर भयभीत हैं।

### आज वेस्ट यूपी में भारी वर्षा की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ केंद्र ने आज रविवार 17 अगस्त के लिए राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और वज्रपात की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, हापुड़ और रामपुर के आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं और ललितपुर के आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।



सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35



सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114933
प्रति किलो



# भारत को अमेरिका के जवाब में करने चाहिए बाजार विविधीकरण के समझौते: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि भारत को हिंद महासागर तटीय एसोसिएशन के देशों के साथ अपनी मजबूत पहल पर आधारित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का साहिक कदम उठाना चाहिए और 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' (आरसीईपी) तथा 'प्रशांतपारीय भागीदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समूहों की सदस्यता प्राप्त करनी चाहिए।

विश्लेषकों की राय है कि इससे न केवल भारत का व्यापारिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि ष्रणनीतिक स्वायत्तताष के प्रति देश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी संदेश जाएगा, जिससे भारत अपनी शर्तों पर बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा। यह विचार ऐसे समय में आया है, जब

**भारत अपनी शर्तों पर बदलते भूराजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा**

भारत पर अमेरिका ने सात अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूसी तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से प्रभावी 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर बैठक की। ट्रम्प ने बातचीत से पहले कहा कि उन्होंने (रूस ने) अपने तेल ग्राहक भारत को खो दिया है, जो (उसका) 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। चीन (अब भी) बहुत अधिक खरीद कर रहा है। अगर मैंने (भारत पर) पहले के बाद दूसरा शुल्क लगाया तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन यदि मुझे लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, शायद मुझे लगाना ही न पड़े। भारत के पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत के बीच अमेरिकी शुल्कों को 'पूरी तरह अनुचित, बेतुके और अतार्किक' बताया। रूसी तेल का बहाना बिल्कुल चलने लायक नहीं है। यूरोपीय संघ, चीन और यहां तक कि अमेरिका भी रूसी युद्ध मशीनरी में धन का ईंधन डाल रहे हैं। अपने हित के लिए ये सभी देश रूस से गैस और दुर्लभ मृदाओं का आयात बढ़ा रहे हैं। रूसी कच्चे तेल के व्यापार पर 'प्रतिबंध नहीं है', केवल कीमतों पर अधिकतम सीमा लगाई गई है और अमेरिका ने बार-बार स्वीकार किया है कि भारत की खरीद ने वैश्विक तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद की है, साथ ही यूरोप और अमे. रिका को परिष्कृत उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

### इस सप्ताह 919 सस्ता हुआ सोना चांदी की कीमत 201 बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने के दाम में गिरावट रही, जबकि चांदी महंगी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। आबुजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 74 रुपए कम होकर 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत शनिवार को 342 रुपए कम होकर 1,14,933 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही।

# यूपी में सालाना फास्टैग की सुविधा शुरू 3000 देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया, तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी।

टोलप्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर -प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस



नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्र एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गया। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा। मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहा:**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिलीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलेभर में देश की आजादी का जश्न हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। देहात विधायक आशु मलिक के प्रतिनिधि प्रवेज मलिक ने विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण करते हुए आपसी एकता का संदेश दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, चौ. अब्दुल गफूर आदि मौजूद रहे।

आईआईए कार्यालय पर चैप्टर चेयरमैन गौरव चौपडा, रामजी सुनेजा, संजीव अरोडा, प्रमोद सढाना, आरके धवन, प्रमेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र मोहन कालडा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम मे सतीश अरोड़ा, एस. कुमार. अरोड़ा, अशोक गॉधी, के.एल.अरोड़ा, संदीप गुप्ता, प्ररमजीत सिंह, कुलदीप धमीजा, हरजीत सिंह, राजेश गुप्ता, अशोक छाबड़ा, अतीश गुप्ता, दर्शन कुमार गुप्ता, विनय दहूजा, अरविंद खन्ना, तन्मय सचदेवा, अनुज कुमार जैन, सुषमा बजाज, विकास मलिक, अवजीत सिंह छाबड़ा, राजकुमार कश्यप, सुनील अरोड़ा, रामनाथ शर्मा, गुलबशर, गौरांग अरोड़ा, नौशाद अली, प्रवीण कर्दम, अमित अरोड़ा, संजय यादव आदि के अलावा लगभग 70 पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जामिया रहमत घघरौली आल इण्डिया मिल्ली यूथ आर्गेनाइजेशन के तहत ध्वजारोहण किया गया। मौलाना डा. अब्दुल मालिक मुगीसी ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि आजादी हमें सामुहिक प्रयास से मिली है।

**नागल।** कस्बे व देहात क्षेत्र में 79 वां स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी, अर्द्ध सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया गया।

महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजुकेशन बडूली में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शशिबाला पुंडीर, कालेज चेयरमैन मतलूब अहमद, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य शारिक मलिक एडवोकेट, प्राचार्य योगेंद्र पंवार, वासिल मलिक ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से डा अरविंद राठी,डा अक्षय कुमार, पूजा वालिया,अर्जुन कुमार, गुलफंशा, दीपांशी, पूजा,सैनी,दानिश मलिक, आदि उपस्थित रहे। इन्द्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उमाही मे निदेशक अंजू वालिया ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से आशुतोष गुप्ता,डा कमल कृष्ण, विकास चौधरी आदि उपस्थित रहे।मुस्लिम फंड ट्रस्ट नागल शाखा पर मैनेजर साजिद हसन ने ध्वजारोहण किया और देश को आजाद कराने वाले शहीदों को याद किया। मुख्य रूप से मोहम्मद उस्मान, हाफिज इंतजार, हाफिज सलीम, मोमीन अली,सत्तार अली आदि स्टाफ मौजूद रहा।

राम कृष्ण परम हंस इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य जगपाल दत्त स्वामी ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से मेनपाल शर्मा,अमित कुमार, राजेन्द्र कुमार, प्रियंका, रंजीता आदि उपस्थित रहे।सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक कोणार्क चौधरी ने ध्वजारोहण किया। मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मनोजकुमार अवस्थी,अर्पिता, केशव, राजेश कुमार, उर्वशी, हेमा, रजनी, सोनिया,मीनाक्षी, पारूल, शगुन, अभिषेक, अजय धीमान, आदि उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल में प्रधानाचार्य देवेन्द्र धवलहार ने ध्वजारोहण किया। नेशनल मॉडल इंटर कॉलेज में प्रबंधक वत्सराज त्यागी ने ध्वजारोहण किया।कालेज के छात्र छात्राओ ने कस्बे मे देश प्रेम से ओतप्रोत नारे लगाकर रैली निकाली।

सेंट थॉमस एकेडमी मे प्रधानाचार्य राकेश जोशी ने ध्वजारोहण किया। तेजस इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य हेमंत अरोडा,प्रबंधक कपिल डावर ने ध्वजारोहण किया। छात्र छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहाडपुर स्थित विद्यालय में समाजस. ेवी जोगेंद्र सैनी ने ध्वजारोहण किया। पनियाली कासिमपुर पंचायत कार्यालय पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरदार पवित्र सिंह व सचिव नैनसिंह सैनी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मेन बाजार स्थित व्यापार मण्डल कार्यालय पर संगठन के संरक्षक मिस्त्री फसीहउद्दीन, प्रांतीय मंत्री रमेश डावर, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, चौधरी राजपाल सिंह, कपिल डाबर ने ध्वजारोहण किया।

इस दौरान चैयरमैन मानसिंह सैनी, फखरुद्दीन अली पप्पू, बिजेंद्र सिंह, बीरसिंह, मनमोहन सिंह, अनीस डावर, इरशाद अली, अमित गर्ग, सन्नी चौधरी, अनमोल अरोड़ा, सरदार जसपाल आदि उपस्थित रहे।

भाटखेडी रोड स्थित सब्जी मंडी स्थल पर सहकारी समिति चेयरमैन मानसिंह सैनी, वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, कपिल डावर ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बबलू सिद्धीकी, संजीव कश्यप, नौशाद अली, मोहम्मद तालिब, बीरसिंह, राजकुमार शर्मा, रईस अली आदि उपस्थित रहे।

**बेहट।** स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व को बड़े हर्षोल्लास एवं देश भक्ति भावना के साथ मनाया गया। तहसील भवन पर एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी मे दी गई। इस दौरान तहसीलदार विजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह देवेन्द्र कुमार सहित कर्मचारी एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बाबू ओमप्रकाश, चौधरी हिदायत के अलावा सभासद मास्टर जमील अहमद मुर्तजा रही फरहान पीरजादा,आदि मौजूद रहे। कोतवाली बेहट में सीओ मुनीश चन्द्र तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोपण कर सलामी दी गई।




उत्तराखण्ड जल संस्थान, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर) की ओर स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं

1- **तरुणशर्मा**
अधिशाषी अभियन्ता उधम सिंह नगर
2- **ललित मोहन पाण्डेय**
सहायक अभियंता रुद्रपुर
3- **मुकेशकुमार**
सहायक अभियन्ता (मुख्यालय), उधम सिंह नगर
4- **चेतन चौहान**
सहायक अभियंता गदरपुर
5- **मौ0आसिम**
कनिष्ठ अभियन्ता (मुख्यालय) उधमसिंहनगर
6- **सौरभ भट्ट**
कनिष्ठ अभियंता, रुद्रपुर
7- **हरेन्द्रसिंह**
प्रभारी कनिष्ठ अभियन्ता बाजपुर
8- **राजेश कुमार श्रीवास्तव**
प्रभारी कनिष्ठ अभियंता, गदरपुर
9- **पूरन चन्द्र पाण्डेय**
अपर सहायक अभियन्ता
(जल जीवन मिशन) उधम सिंह नगर

## स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं













































# नैनीताल में स्वतंत्रता दिवस की धूम

- हाईकोर्ट में हुआ ध्वजारोहण
- जगह-जगह देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में 79वा स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय प्रांगण में वरिष्ठ न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र ने ध्वजारोहण कर उन्होंने वहां मौजूद न्यायाधीश न्यायमूर्ति तथा अधिवक्ताओं, अधिक. ारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्राता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। स्वतंत्राता दिवस पर के अवसर पर सचिव मुखयमंत्री /कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नैनीताल स्थित कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया वहीं जिलाधिकारी ने कलेकट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने पालिका प्रांगण में झंडारोहण किया, इसके अलावा नगर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सुबह प्रभातऱेरी भी निकाली गई इसके साथ साथ भारतीय शाहिद सैनिक विद्यालय के छात्रा छात्राओं द्वारा विद्यालय से लेकर मॉल रोड होते हुए तल्लीताल तक प्रभातफ़ेरी निकाली गई। इसके अलावा जिला विकास प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुकल, बीडी पांडे अस्पताल में प्रमुख चिकित्सक अधीक्षक डा. तरुण कुमार टमटा समेत सभी सरकारी विभागों में झंडरोहण किया गया। सीआरएसटी स्कूल में प्रधानाचार्या मनोज पांडे ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मैनेजर पद्मश्री अनूप साह समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

इस मौके पर विरला विद्या मंदिर, शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंट्स कॉलेज सनवाल स्कूल, मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिरए सेंट्स जेवियरसए समेत नगर और आसपास के विद्यालयों में झंडारोहण किया गया। द पाइन क्रिस्ट स्कूल में झंडारोहण संतोष कुमार द्वारा किया गया जिसके बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विनोद तिवारी पूर्व महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व और न्यायपालिका की भूमिका पर प्रकाश डाला उन्होंने सभी उपस्थित युवा अधिवक्ताओं और लोगों को स्वतंत्राता दिवस की शुभकामनाएं दी ।कार्यक्रम के मुखय वक्ता योगेश पचोलिया ने बोलने की स्वतंत्राता और मौलिक अधिकारों और भाईचारे पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में अधिवक्ता सैयद काशिफ़ जाफ़री, प्रभा नैथानी, मीना बिष्ट पचोलिया, कल्याण सिंह मेहता, कौशल शाह जगाती, ज्ञानमती कुशवाहा तथा हर्ष ने भी विचार रखें। कार्यक्रम का संच. ालन अधिवक्ता अविदित नौलियाल और अधिवक्ता अमनजोत चड्ढा ने संयुक्त रूप से किया। नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में संस्थाध्यक्ष शैलजा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सभी पदाधिक. ारी व सदस्य मौजूद रहे।

## एकतरफा मुकाबले में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल की जीत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सीआरएसटी ओल्ड बॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा दी नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एचएन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुटबाल टूर्नामेंट में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल ने एकतरफा मुकाबले में 5-0 से जीत हासिल कर ट्राफी पर कबजा जमाया। डीएसए मैदान में फाइनल मुकाबला सनवाल स्कूल तथा भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के मध्य खेला गया। मध्यांतर तक भारतीय शहीद सैनिक स्कूल ने तीन गोल किए तथा मध्यांतर के बाद दो ओर गोल किए गए। इस प्रकार भारतीय शहीद सैनिक स्कूल 5-0 से मुकाबला जीत लिया। सैनिक की तरफ से दीपक ने दो,पवन ,निर्भय तथा केशव ने एक - एक गोल किया। रेुरी प्रेम सिंह बिष्ट, अपूर्व बिष्ट तथा भास्कर रहे। मैच में मुखय अतिथि सुशील कुमार लाल एमडी तथा सीईओ दी नैनीताल बैंक लिमिटेड नैनीताल ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरुस्कृत किया। इससे पूर्व डक्कमनोज सिंह बिष्ट महासचिव सीआरएसटी ओल्ड बाइज एसोसिएशन ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया । कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया । दूसरी ओर सैनिक स्कूल की खिलाडियों की कामयाबी पर सेवानिवृत बिग्रेडियर अजय नेगी ने भी खिलाडियों समेत कालेज परिवार को शुभकामनाएं दी हैं।

इस अवसर पर संरक्षक कैप्टेन एल एम साह, नैनीताल बैंक के राजेंद्र सिंह ,पद्मश्री अनूप साह,अध्यक्ष जगदीश बावड़ी समेत खीम राज बिष्ट, शैलेन्द्र बरगली,धर्मेंद्र शर्मा, मोहित लाल साह,हरीश राणा,भुवन बिष्ट, बी एस मेहता, गोविन्द सिंह बोरा, ए इमैनुएल,राजीव लोचन साह,अरविंद पडियार, संतोष कुमार,रवि साह,विश्वकेतु वैद्य,भास्कर साह,शैलेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अपहरण नहीं हुआ, हम अपनी मर्जी से घूमने आए हैं

**हल्द्वानी।** जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल चुनाव के दौरान हुए हाई वोल्टेज हंगामे और जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण के बाद पूरे घटनाक्रम में फिर से नया मोड़ आ गया है। जिन जिला पंचायत सदस्यों को लेकर इतना हंगामा हुआ उनका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमे उन्होंने अपहरण को महज अफवाह बताया और कहा कि वे सभी अपनी मर्जी से घूमने को निकले है। बहरहाल क्या यह वीडियो किसी दबाव में बनाया, यह फ़िलहाल पुलिस जांच का विषय है। गुरुवार को हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के दौरान काफ़ी हंगामा हुआ था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि मतदान स्थल से कुछ दूरी पर मतदान को जा रहे सदस्य डिकर सिंह मेवाड़ी, प्रमोद सिंह कोटलिया, तरुण कुमार शर्मा, दीप सिंह बिष्ट और विपिन सिंह का अपहरण कर लिया है। इसके बाद मामला हाईकोर्ट भी पहुंचा। वही बीते शुक्रवार की शाम लापता जिला पंचायत सदस्यों ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया जारी किया। वीडियो में पाँचों जिला पंचायत सदस्य भी नजर आ रहे है। उनमे से एक सदस्य डिकर सिंह मेवाड़ी ने कहा कि उनका कोई अपहरण नहीं हुआ है। अपनी मर्जी से पांच लोग घूमने के लिए निकले हैं। किसी तरह का कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। वह सुरक्षित है और जल्द ही सभी लोग सामने आ जाएंगे। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पूरे घटनाक्रम में नया मोड़ आ गया है।

### अनूठा पौधारोपण अभियान 406 वें दिन भी जारी




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल ।**संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष/ राज्यआंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे राज्य में अनूठे पौधा रोपण अभियान के तहत शनिवार को 406 वें दिन मुखय अतिथि के रूप में शामिल होते हुए नारायण स्वामी की तपस्थली बापू अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज नारायण नगर में राज्य में एक अनूठी पौधा रोपण की पहल- मेरा पौधा मेरा परिवार की शुरुआतकी गई।

जिसमें प्रत्येक छात्र-छात्रा को दो-दो फलदार पौधे माल्टा व संतरे के दिए गए जिन्हें छात्र-छात्राएं अपने घर के परिसर में रोपित करेंगे और उनकी वृक्ष बनने तक देख रेख करेंगे और समय-समय पर उस पौधे की जानकारी अपने गुरुजनों को देंगे। इस दौरान छात्र-छात्राओं को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई साथ ही परिसर में विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि अब वह अपने अभियान को विद्यालयों से जोड़ेंगे ताकि छात्र.छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेम की भावना पैदा होगी। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता विपिन जोशी ने मुखय उद्यान अधिकारी पिथौरागढ़ से संपर्क करते हुए उद्यान विभाग डीडीहाट से पौधा दिलाने में सहयोग किया।

### चेहलुम पर इमाम हुसैन की याद में मजलिस

**कालाढूंगी।** चेहलुम के मौके पर कालाढूंगी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीदे आज़म कांफ्रेंस हुई, जिसमें इमाम हुसैन और कर्बला के तमाम शहीदों को याद किया गया। शहीदे आज़म कमेटी की देखरेख में हुई इस कांफ्रेंस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और कर्बला की जंग में हक और इंसाफ़ के लिए दी गई कुर्बानी को याद किया। कांफ्रेंस में औलाद ए आला हज़रत,पीर ए तरीकत हज़रत सिमनानी मियां मेहमाने खुसूसी रहे। औलाद ए रसूल हज़रत सैयद सबूर अली बरेली शरीफ, मुफ्ती अकरम रज़ा हल्द्वानी, कालाढूंगी काज़ी ए शहर हज़रत मुफ्ती इरशाद हुसैन सुहरवर्दी, मुफ्ती कासिम रज़ा अमजदी, मदीना मस्जिद इमाम हाफ़िज़ व कारी शाहिद रज़ा ने तकरीर करते हुए बताया कि इमाम हुसैन ने यजीदी हुकूमत के सामने सिर झुकाने के बजाय अल्लाह और इंसाफ के रास्ते को चुना। उन्होंने कहा कि कर्बला की सरजमीं पर इमाम हुसैन और उनके 72 जानिसार साथियों ने इस्लाम की सर बुलंदी और इंसाफ की हिफाजत के लिए अपनी जानों की कुर्बानी दी। यह जंग दुनिया को यह पैगाम देती है कि हक और इंसाफ़ के लिए डटकर खड़ा होना ही असली ईमानदारी है। इस मौके पर कालाढूंगी से हाफ़िज़ इमामुद्दीन अज़हरी, वकील अहमद ने हज़रत इमाम हुसैन की शान में कलाम पेश किए। इस मौके पर कमेटी के मो. सुल्तान अज़हरी, मो. आसिफ, मो. युनुस, हाशिम उर्फ मलिक साहब आदि इंतज़ाम में जुटे रहे।

## मातृभूमि के लिए अडिग रहना ही सच्ची देशभक्ति

- पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर राष्ट्रप्रेम की मिसाल पेश की




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नैनीताल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज ने गढ़वाल राइफल्स और असम राइफल्स के पूर्व सैनिकों को सम्मानित कर राष्ट्रप्रेम की मिसाल पेश की। मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण मंत्री एवं पूर्व सैनिक गणेश जोशी तथा विशिष्ट अतिथि पद्मश्री बसंती बिष्ट कार्यक्रम में मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। संस्थापक एवं निदेशक डा. कंचन नेगी और सह-संस्थापक एवं बर्सर डा. केएस नेगी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, पौधा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों व सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी। डा. कंचन नेगी ने कहा विद्यार्थियों को सैनिकों के अनुशासन, निष्ठा और कर्तव्यपालन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मातृभूमि के लिए अडिग रहना ही सच्ची देशभक्ति है। मुख्य अतिथि गणेश जोशी ने कहा यह सैनिकों का दिन है। धामी सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सम्मानित पूर्व सैनिकों में नायक दीपक उनियाल, हवलदार विनोद सेमवाल, सूबेदार सुदर्शन, कैप्टन किशन कुमार, कैप्टन गजेन्द्र सिंह, सूबेदार मेजर भगवान सिंह, होनरेरी कैप्टन मदन मोहन मिश्रा, सूबेदार सुनील बौखंडी सहित अनेक वीर शामिल रहे। इस दौरान कार्यक्रम में संस्थान की सेंटर हेड सुशीला नेगी, अनिल सुन्द्रियाल, राकेश बंगवाल, विभूती, उर्वशी, अं. कता, एसएस नेगी, इन्दर सिंह नेगी, विक्रम नेगी, राजेश बिष्ट, अरुणा बिष्ट, लक्ष्मी प्रसाद बडोनी, निलेश थपलियाल, वैष्णवी, संजीव नेगी, नूतन नेगी, धनबीर बिष्ट, हर्षिता नेगी, नीरू सिंह आदि मौजूद रहें।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष में उत्कृष्ट योगदान के लिए रेंजर प्रदीप पंत सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी देहरादून स्थित वन भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हल्द्वानी वन प्रभाग की छकाता रेंज के रेंजर प्रदीप पंत को मानव-वन्यजीव संघर्ष क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रमुख वन संरक्षक डा. समीर सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया। रेंजर प्रदीप पंत को यह सम्मान उनके ईमानदारी, समर्पण और सेवा भाव के लिए दिया गया, जिसके तहत उन्होंने वनों के संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक और कारगर पहलें कीं। प्रदीप पंत ने सदैव अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों को सर्वोपरि मानते हुए कार्य किया और वन्यजीवों के संरक्षण में नवाचार और तत्परता को प्राथमिकता दी। उनके सम्मानित होने पर वन विभाग, पश्चिमी वृत्त हल्द्वानी के अधिकारियों, सहकर्मियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे विभाग के लिए गर्व की बात बताया।

## इंटर कॉलेज में झंडारोहण

**शांतिपुरी।** 79वाँ स्वतंत्रता दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में मुख्य अतिथि डा. गणेश उपाध्याय, प्रधानाचार्य डा. भट्ट, एडवोकेट राजेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से झंडा रोहण किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा 3 दिन बारिश वजह से छुट्टी होने के बावजूद रंगारंग कार्यक्रम सूक्ष्म रूप में किया गया। मुख्य अतिथि डा. गणेश उपाध्याय ने कहा कि हम लोगों को आज झंडा रोहण करके इतिश्री नहीं करनी है। हम लोगों ने को तिरंगे झंडे की कसम खाते हुए संकल्प लेना चाहिए कि हम एकता, भाईचारे के साथ मिलजुलकर रहेंगे। इस अवसर पर प्रधान शांतिपुरी नंबर दो कविता तिवारी , राजेंद्र शर्मा, वीरेंद्र सिंह को. रंगा, विशन सिंह कोरंगा, नारायण सिंह कोरंगा, कैलाश जोशी, भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष जोशी जी, कैप्टन कोरंगा उपस्थित थे।

## सिंथिया स्कूल में देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं देशभक्ति से सराबोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया तथा सुबह छात्रों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने एएनओ सेकेंड ऑफिसर बी.बी. जोशी के नेतृत्व में मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में देशभक्ति गीतों और नृत्यों ने सभी उपस्थितजनों को भाव-विभोर कर दिया। मंच संचालन प्रफुल्ल प्रभव पंत द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य डक्क रौतेला ने अपने संबा. धन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए छात्रों को स्वतंत्रता के महत्व को समझने और उसे बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आजादी हमें सहज नहीं मिली, इसके पीछे हजारों देशभक्तों का बलिदान है, जिसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। इस अवसर पर एससी मिश्रा, महेश जोशी, एलडी पाण्डेय, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी, नीमा पाण्डेय, मंजू जोशी, कोऑर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, वीएस बजेठा, आईडी जोशी, बीसी सती, ऋचा कर्नाटक सहित सभी शिक्षक, छात्र एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## पंचायत घर में रहा उमंग और उल्लास का माहौल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** विकासखण्ड रुद्रपुर के अन्तर्गत ग्राम नजीमाबाद धौराडाम पंचायत घर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया। यहां भारी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा, महिलाएं व स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रति. निधियों ने सहभाग किया। इस दौरान जय हिन्द, भारत माता की जय तथा वन्दे मातरम के नारों की धूम रही। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही राष्ट्र प्रेम, देशभक्ति के गीत गाए गए। योग, निबन्ध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिताए भी आयोजित की गई। आजादी के इस ऐतिहासिक समारोह के सभी कार्यक्रम नेहरु युवा केन्द्र के माई भारत योजना के तत्वावधान में सम्पन्न किये गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए शिक्षक अश्वनी पाटिल, विशिष्ट अतिथि दीपक देव तथा एडवोकेट महेश चंद्र सागर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर




कार्यक्रमों का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान इन तीनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। विशिष्ट अतिथि योग प्रशिक्षक दीपक देव ने करो योग-रहो निरोग के नारे के साथ स्वस्थ भारत की कल्पना साकार करने के लिए नियमित योग करने व कराने का आहवान किया। इस दौरान बच्चों और युवाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान दीपक देव ने योग करते हुए योग के विभिन्न लाभों से भी बच्चों को अवगत कराया। निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिताओं में शामिल विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर माई युवा भारत उधमसिंह नगर के वालिंटियर अर्जुन यादव, दीन दयाल,एडवोकेट अनिल यादव, मो. निका, प्रीति, समेत अनेक लोगों ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एसडीएम ने भू कटाव क्षेत्र का निरीक्षण किया

- प्रभावित परिवारों को अहेतुक धनराशि के चेक वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चोरगलिया क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नंधौर नदी से हो रहे भूमि कटाव को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम राहुल शाह ने सिंचाई, वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ कटान खानवाल, मुखानी खडकू, आमखेड़ा, डुबैलबीड़ा, शागुन प्लांटेशन एरिया और सुनारदडा बिहारी नगर सहित प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई दिनेश रावत ने विभिन्न स्थानों की पहचान की, जहां नदी का डायवर्सन एवं चौनलाइजेशन कर निजी एवं वन भूमि को कटाव से बचाया जा सके। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि तत्काल कार्य प्रारंभ कर कटाव की समस्या को कम किया जाए। इस बीच स्थानीय ग्रामीणों ने निरीक्षण दल को जानकारी दी कि नदी के बहाव में कई बड़े पेड़ बहकर किनारे पर जमा हो गए है, जिससे नदी का प्रवाह बस्तियों की ओर मुड़ रहा है। उन्होंने वन विभाग एवं वन निगम को निर्देशित किया कि इन गिरे हुए पेड़ों को नदी से शीघ्र हटाया जाए जिससे नदी का प्राख्रतिक प्रवाह बहाल हो सके। तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट ने मौके पर ही 27 प्रभावित परिवारों को अहेतुक धनराशि के चेक वितरित किए। वही सिंचाई विभाग आमखेड़ा के निकट जेसीबी एवं पोकलैंड मशीनों से कार्य प्रारंभ कर नंधौर नदी के प्रवाह को कैलाश नदी की ओर मोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार देवा नदी के डायवर्सन का कार्य भी तत्काल प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा एसडीएम ने वन विभाग एवं खंड विकास अधिकारी को प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण एवं स्थायी समाधान के लिए अनुमान तैयार करने के निर्देश दिए। एसडीएम शाह ने बताया कि डीएम नैनीताल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत सिंचाई विभाग हल्द्वानी को नंधौर नदी के चौनलाइजेशन एवं डायवर्जन कार्य के आदेश पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीओ वन हल्द्वानी डिवीजन गणेश जोशी,वन क्षेत्राधिकारी रणसाली, रैकुनी, ग्राम प्रधान आमखेड़ा सहित स्थानीय जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित हुए कमल



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद के पर्यावरण मित्रों के सुपरवाईजर कमल सिलेलान को पालिका प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पालिका प्रांगण में आयोजिक समारोह में पालिक. ाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल व पालि. का के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा समेत अन्य अधिकारियों व सभासदों व कर्मियों की मौजूदगी में उन्हें सम्मानित किया गया।

## एसएसपी के खिलाफ नारेबाजी

- कांग्रेस का पुलिस बहुउद्देशीय पुलिस भवन में प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन परिसर में धरने प्रदर्शन किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस जिला पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी पुष्पा नेगी और उनके पति लाखन नेगी भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एसएसपी के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की। इस बीच आक्रोशित कार्यकर्ता बहुउद्देशीय भवन की रेलिंग पर चढ़ गए। मामला बढ़ता देख अन्य जगहों से भी फोर्स को बुलाया गया। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र मौके पर पहुंचे और कांग्रेस नेताओं से बात की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि पुलिस के सामने लोकतंत्र की हत्या हुई लेकिन पुलिस मूकदर्शक थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री धामी के इशारे पर यह सब घटनाएं हुई है। इस घटना ने देवभूमि को कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने कहा जिला पंचायत सदस्यों को पुलिस के समाने मारपीट व उनको अगवा किया गया जो निदंनीय है। एसपी सिटी ने कहा कि रात को पांचों जिला पंचायत सदस्यों को सकुशल बरामद कर घर पहुंचा दिया जाएगा। इसके अलावा अगवा करने वालों पर भी कार्रवाई होगी जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, हरेंद्र बोरा, मलय बिष्ट, हेम नैनवाल, संदीप भैसोड़ा, सतीश नैनीवाल, सतनाम सिंह, केदार पलडिया, मुकुल बल्यूटिया, मनोज बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, मोहन बिष्ट, राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी, विनोद कुमार पन्नू, डा. गणेश उपाध्याय, दिवेश तिवारी, गुरप्रीत सिंह प्रिंस, लाल सिंह पंवार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा नेता ने एसएसपी को शिकायती पत्र लिखा

- कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा भडकाऊ बयानबाजी और गाली-गलौज का मामला सामने आने के मुद्दे पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को पत्रा लिखकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। पत्रा में कहा गया है कि 14 अगस्त को नैनीताल शहर में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव आयोजित था जिसमें कांग्रेस के कई बड़े नेता और विधायकों द्वारा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड सरकार, पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों और भारतीय जनता पार्टी के पदा. धिकारियों के नाम लेकर गाली गलौज और धमकियां दी गईं। इसके साथ ही कई लोगों के नाम लेकर अभद्र टिप्पणियां भी की गईं जिनकी वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही हैं। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय हित में उचित कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दीपा दरमवाल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाए और कार्रवाई की जाए।

विधायक सरिता आर्या ने भी इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है कि लखन सिंह द्वारा मुखयमंत्री के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करना बहुत निंदनीय है। मुखयमंत्री उत्तराखंड की समस्त जनता के मुखयमंत्री हैं इसलिए उनके लिए ऐसी गाली.गलौज शोभा नहीं देती है। इसके अलावा विधायक सुमित हृदेश के पास जिला पंचायत सदस्यों के सर्टिफिकेट कब्जा किए जाने का मामला भी सामने आया है। इस अवसर पर सलाहकार मंडी परिषद मनोज जोशी, कविता गंगोला (महिला मोर्चा अध्यक्ष), दीपिका बनवाल (जिला मंत्री महिला मोर्चा) समेत नीतू जोशी, आशा आर्य, प्रेमा अधिकारी ज्योति ढौडियाल, मीरा बिष्ट,आशीष बजाज, प्रदीप कुमार आर्य, विकास जोशी, मोहित लाल साह,भारत सिंह मेहरा,आनंद सिंह बिष्ट, अरविंद सिंह पडियार, सभासद मनोज जगाती, भगवत सिंह रावत, पवन, संतोष कुमार, विक्रम राठौर, बच्ची चंद्र, रितुल कुमार, राहुल नेगी, अतुल पाल, देवेंद्र ठाकुर तथा तेज सिंह नेगी शामिल रहे।

## विश्व हिंदू परिषद का 61वां स्थापना दिवस मनाया

**कालाढूंगी।** विश्व हिंदू परिषद के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर रामलीला मैदान चाकलुवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद दिनेश उपाध्याय और संत रवि गिरी जी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हिंदुत्व और सनातन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार बलविंदर सिंह कोहली ने की। कार्यक्रम के बाद शोभा यात्रा निकली गई। रामलीला मैदान चकलुवा से होकर कालाढूंगी मुख्य बाजार में होते हुए रामलीला मैदान चकलुवा में ही रैली का समापन हुआ। विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में हल्द्वानी मेयर गजराज बिष्ट, भाजपा प्रदेश प्रवद्गा विकास भगत, विक्रम जंतवाल, कुंदन बसेड़ा, रमेश जोशी, मोहन सिराडी, तेजू अधिकारी आदि थे।

## कांग्रेस ने फूंका भाजपा का पुतला

- एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष के मतदान के दिन कांग्रेस नेताओ के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं बत्तमीजी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ़ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट पहुंच कर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। शनिवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में एससीएसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इंदर पाल आर्या व प्रदेश सचिव विनोद कुमार के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।



इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 14 अगस्त को नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मतदान के दौरान बीजेपी द्वारा संरक्षण प्राप्त गुंडों द्वारा हमारे वरिष्ठ एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य तथा अन्य नेताओं के साथ दुर्व्यवहार एवं बत्तम. ीजी की गई है, जो अत्यंत निंदनीय एवं अस्वीकार्य है। कांग्रेस पार्टी इस निंदनीय कृत्य की निंदा करती है और मांग करती है कि दोषियों के खिलाफ़ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा इस घटना से देवभूमि उत्तराखंड की छवि को उत्तराखंड की संस्ख्रति को तथा भारत के संविधान को चोट पहुंची है। इन्दर पाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यों की आलोचना करती है और मांग करती है कि सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करे और प्रदेश की गरिमा को बनाए रखने के लिए काम करे। विना. ेद कुमार (पन्नू) ,ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोषियों को जल्द से जल्द सख्त से सख्त सजा नहीं दी जाती कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम राहुल साह के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा। पुतला दहन व ज्ञापन देने वालो में विनोद कुमार, सूरज प्रकाश, महेशानंद, हेमा आर्या, सरिता देवी, भुवन आर्य आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

❑जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण
❑अमर बलिदानियों को किया गया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब हल्द्वानी में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय तलवाड़ ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ मिठाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए देशप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य संरक्षक कैलाश जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, महामंत्री रवि दुर्गापाल, भगवान सिंह गंगोला, अजय चौहान, सुशील शर्मा, गिरीश गोस्वामी, एम. हसनैन, फरहत, अनुराग वर्मा, गोपाल जोशी, दीपक भंडारी, शाहवेज भाई, सलीम खान, गुरमीत स्वीटी, मनोज पांडेय, संजय पाठक, अनुपम गुप्ता, देवकृष्ण कोठारी, नीरु भल्ला, दया जोशी, जया जोशी, मीरा श्रोत्रिय, राजकुमार केसरवानी, बबलू, कफैी, प्रेम रौतेला, विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल एवं संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक विरासत और बलिदानों की याद दिलाने वाला दिन है। उन्होंने सभी नागरिकों से देशप्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। ध्वजारोहण समारोह में यूसी जोशी, देवेंद्र तोलिया, गोपाल सिंह बिष्ट, त्रिलोक बनौली, कैलाश जोशी, शोभा बिष्ट, संदीप भैसोड़ा, चंद्रशेखर परगई, कमल किशोर, जे. ललित प्रसाद, पुष्पा संभल, ऋतिक आर्या, धरम सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह मेहरा, ललित बिष्ट, नीरज बगड़वाल, बृजमोहन सिंह बिष्ट, यशपाल टम्टा मौजूद रहे। इधर सैन्य अकादमी कैनाल रोड, हल्द्वानी में साथी संगठन हल्द्वानी और भूतपूर्व नौसैनिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 79वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना और संकल्प के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगे के ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके उपरांत साथी संगठन की महिला सदस्यों और अकादमी के स्टाफ द्वारा भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर साथी संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी (ठठोला) डीडी शर्मा, आरएस बोरा, लक्ष्मण सिंह गोनिया, आनंद सिंह रावत, जीवन चंद्र पेटियाला, मोहनचंद पांडे, केके जोशी, भुवन चंद्र जोशी, मोहन सिंह मेहरा, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, अरुणोदय धर्मशाला के व्यवस्थापक जीवन सिंह रावत, बसंती अधिकारी, कमला तिवारी, बसंती जौहरी, आनंदी नेगी, दिगंबर सिंह, सीएस डांगी, जीएस कोरंगा, दीप जोशी, एसएस रौतेला, बीएस नेगी आदि मौजूद रहे। उधर स्वतंत्रता के 79 गौरवशाली वर्ष के उत्सव को संत निरंकारी मिशन ने मुक्ति पर्व को आत्मिक स्वतंत्रता के रूप में श्रद्धा और समर्पण से भव्यतापूर्वक आयोजित किया। इसी क्रम में हल्द्वानी में भी संत निरंकारी मिशन के द्वारा एक विशाल निरंकारी मुक्ति पर्व दिवस के अवसर पर सतसंग का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन, गौजाजाली, बरेली रोड, हल्द्वानी में हुआ इस मुक्ति पर्व के अवसर पर विशेष सत्संग का आयोजन कर इन दिव्य संतों को नमन किया गया। जिसमें श्रद्धालुजनों ने शहनशाह बाबा अवतार सिंह, जगत माता बुद्धवंती, राजमाता कुलवंत कौर, माता सविंदर हरदेव, भाई साहब प्रधान लाभ सिंह एवं अन्य अनेक समर्पित भक्तों को हृदय से स्मरण कर उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करी। इधर स्तंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ राजकीय प्राथमिक विद्यालय विदरामपुर में धूमधाम से मनाई गयी। यहां प्रधानाध्यापिका ममता साह ने प्रातः झंडारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए और गीतों पर प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्मला रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसायटी के कार्यकर्ता दुष्यंत ने छात्र-छात्राओं को मिष्ठान तथा पाठ्य सामग्री वितरित की। वन विभाग के आदित्य जोशी ने छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा आज़ादी के महत्व पर प्रकाश डाला।







## रक्तदान कर मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता दिवस पर वंदे मातरम ग्रुप ने अपना 9वां स्थापना दिवस महारक्तदान शिविर का आयोजन कर मनाया। मुखानी ब्लड बैंक में शिविर का शुभारंभ प्रधान आयकर आयुक्त नरेंद्र सिंह जंगपांगी ने किया। शिविर में 135 लोगों ने रक्तदान किया। वंदे मातरम ग्रुप के अध्यक्ष शैलेन्द्र दानू ने बताया संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष वीर शहीदों की स्मृति में इसी प्रकार रक्तदान किया जाता है। इस मौके पर अभिनव वार्ष्णेय, ललित परगाई, चंदू परगाई, सुनील सनवाल, विशाल चौधरी, गौरव पांडे, कैलाश जोशी, महेंद्र बिष्ट, नरेंद्र शाही, करन सिंह और अतिथियों के रूप में दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी, राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी, समाजसेवी योगेश जोशी, जया कर्नाटक, राधा आर्य अन्य लोगों ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।



## श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**हल्द्वानी।** श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण



देशप्रेम और गौरव के वातावरण से सराबोर रहा। छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं और आजादी के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और दर्शकों से सराहना प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में छात्रों को देशप्रेम, आत्मानुशासन, कृतज्ञता और नियम धर्म का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सच्चा देशभक्त वह है जो अपने जीवन में अनुशासन और सेवा भाव को आत्मसात करता है। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि निर्देशक महोदय द्वारा संस्कृत भाषा में देशभक्ति का संदेश वाचन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति सम्मान और जुड़ाव और भी गहरा हुआ। कार्यक्रम का संचालन आचार्य साकेत पाठक ने किया। इस मौके पर जानकी त्रिपाठी, रजनी बेलवाल, कीर्ति कालौनी, डा. नारायण थुवाल, दीपचंद्र जोशी, कृष्ण चंद्र पांडेय, डा. मोहित जोशी, शुभम पाठक शामिल रहे।

## डा. ऋतु रखोलिया को सम्मानित किया

राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की विभागाध्यक्ष को सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

हल्द्वानी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन एवं हरित सेवा समिति, टनकपुर द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में डा.ऋतु रखोलिया, विभागाध्यक्ष, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं एवं समाज हित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने डा. ऋतु रखोलिया के स्वास्थ्य क्षेत्र में समर्पण और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष मोहन जोशी ने की जबकि संचालन उजर अहमद अंसारी द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान गीता चंद, क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मला राय, एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरीश भट्ट, कैलाश भट्ट, जशवंत सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।



# एसएसपी को बर्खास्त करने की मांग की

❑बुद्ध पार्क में फूटा जनाक्रोश
❑पहाड़ी आर्मी और परिजनों का एसएसपी के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में बढ़ते अपराध और ज्योति मेर हत्याकांड के 18 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी न किए जाने से नाराज लोगों ने पहाड़ी आर्मी व सुराज सेवा दल के साथ बुद्धपार्क में नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद लोगों ने तिकोनिया से कोतवाली तक रैली निकाली और बहुद्देशीय भवन पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही एसएसपी को बर्खास्त करने की मांग की। एसपी सिटी ने लोगों को आश्वासन दिया कि सोमवार तक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जिसके बाद लोगों शांत हुए और वहां से लौट गए। बता दें कि मुखानी स्थित योगा ट्रेनर ज्योति मेर की लाश उसके ही कमरे में पड़ी थी। पहले इसे आत्महत्या माना जा रहा था, लेकिन जब पीएम रिपोर्ट आई तो उसमें कई चौंकाने वाले तत्व सामने आए। मृतका ज्योति की मां की तहरीर पर पुलिस ने योगा संचालकों पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने पर बीते आठ अगस्त को पहाड़ी आर्मी संगठन व मृतक के परिजन ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की लेकिन पहाड़ी आर्मी के लोगों ने पुलिस पर बदसलूकी का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन आरोपियों को बचा रहा है और पीड़ित परिजनों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रहा है। मृतका ज्योति मेर के परिजनों ने कहा कि हत्या के 18 दिन बाद भी पुलिस सोई हुई है और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत के साथ पुलिस द्वारा की गई कथित बदसलूकी पर भी लोगों में गुस्सा देखा गया। इसी बीच एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि दो दिन के भीतर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने चेताया कि यदि 2 दिन में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो जिले भर में जेल भरो आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में दीपा पांडे, प्रेमा मेर, कविता जीना, राजेन्द्र कांडपाल, भुवन पांडे, दिनेश जोशी, कमलेश चंदोला, विशाल शर्मा, हेमंत सिंह मेर, हरेन्द्र राणा, मोहन कांडपाल, विनोद नेगी, कमलेश खंडूरी, गोकुल मेहरा, दीपक चंद गोस्वामी, पवन सिंह जाला, हेमा कबडवाल, कविता जीना, गंगा दुर्गापाल, भावना, नीमा बिष्ट, विजय भंडारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# दायित्वों का निर्वहन ही देश के लिए योगदान

❑यूओयू का तीन दिवसीय प्रगति उत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय प्रगति उत्सव स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण, देशभक्ति गीतों, कविताओं और योग की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हो गया। समारोह का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। उन्होंने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा देशभक्ति केवल सीमा पर लड़ने तक सीमित नहीं है। अपने कार्यस्थल पर ईमानदारी से कार्य करना भी देश के लिए योगदान है। भारत आज वैश्विक मानचित्र पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है, और हमें इस भूमिका को निभाने योग्य बनना चाहिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा हर जिले में मॉडल शिक्षा केंद्र खोलने और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को उसका संयोजन सौंपे जाने पर खुशी व्यक्त की गई। पहरु पत्रिका के संपादक हयात सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय क्षेत्रीय भाषाओं की अस्मिता का केंद्र बने, ऐसी अपेक्षा है। उन्होंने कुमाऊंनी और गढ़वाली साहित्य को लाइब्रेरी में शामिल करने की बात कही, ताकि भविष्य में पाठ्‌क्रमों के निर्माण में उपयोग किया जा सके। ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत विश्वविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों से हुई। विवि के स्टाफ और शिक्षकों ने गीत और कविताएं प्रस्तुत कीं, वहीं योग विभाग के विद्यार्थियों ने योग नृत्य और एकल योग प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## नगर पंचायत में अध्यक्ष ने तिरंगे को सलामी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** लालकुआं में भी स्वतन्त्रता दिवास बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत में अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी तथा स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का सपना साकार करते हुए सभी लोग इसमें अपना-अपना योगदान दें। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा देश भक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद धन सिंह बिष्ट, भुवन पाण्डे, दीपा हेमंत पाण्डे, योगेश उपाध्याय, सुरेश शाह, शबनम सहित नगर पंचायत के तमाम कर्मचारीगण पर्यावरण मित्र एवं पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# सांसद अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी

❑एसटीएच के उपनल कर्मचारियों को तत्काल वेतन देने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल में कार्यरत उपनल कर्मियों के तत्काल वेतन दिए जाने की मांग की है। श्री भट्ट ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए अवगत कराया है कि डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी में उपनल के माध्यम से कार्यरत लगभग 650 कर्मचारियों को छः माह से वेतन न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे है। उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में मेरे पास कई शिकायतें भी आई हैं। जिसमें कर्मचारियों ने अपनी दयनीय आर्थिक स्थिति का वर्णन किया है। इन कर्मचारियों को वेतन न मिल पाने के कारण उनका परिवार चलाना बहुत मुश्किल को गया है। वे अपने रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने में असमर्थ है और उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यह भी अवगत कराना है कि ये सभी अल्पवेतन भोगी है और इनको पूर्व की भांति व्यवसायिक मद से छः माह का वेतन दिया जाय और जब इनके मामले का निस्तारण हो जाए तो मूल वेतन से काट लिया जाए, जो न्यायोचित भी प्रतीत होता है। चिकित्सालय जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में कार्यरत इन कर्मचारियों का मनोबल बनाए रखना अति आवश्यक है। श्री भट्ट ने कहा है कि जनहित में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उपरोक्त गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित विभाग को तत्काल निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि इनके छः माह के वेतन का भुगतान हो सके।



## उपनल कर्मियों ने विधायक से लगाई गुहार



**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, में कार्यरत उपनल कर्मचारियों के शिष्टमंडल ने विधायक सुमित हृदयेश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विधायक सुमित हृदयेश को अवगत कराया कि वे विगत 20-20 वर्षों से निरंतर सेवा दे रहे हैं। पदों का सृजन ना होने की बात कहकर पिछले पांच माह से उनको वेतन नहीं दिया गया है जिस कारण सभी कर्मचारियों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। विधायक सुमित हृदयेश ने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को आगामी मानसून सत्र में विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा कोविड-19 महामारी के दौरान उपनल कर्मचारियों ने फ्रंटलाइन वारियर्स के रूप में अपनी जान की परवाह किए बिना उत्कृष्ट सेवा प्रदान की, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता और कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मैं सदैव उनके साथ हूँ।

# एसपी सिटी से मिले भाजपा विधायक

❑कांग्रेस पर मारपीट और सदस्यों को गायब करने के आरोप
❑पुलिस की निष्क्रियता पर जताया रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच भाजपा ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हल्द्वानी कोतवाली पहुंचकर एसपी सिटी से मुलाकात की और अब तक एफआईआर दर्ज न होने पर कड़ा ऐतराज जताया। भाजपा नेताओं का कहना है कि 14 अगस्त को कांग्रेस नेताओं और विधायकों द्वारा भाजपा प्रत्याशी दीपा दरम्वाल के समर्थकों से मारपीट, अभद्रता और जिला पंचायत सदस्यों को जबरन गायब करने की कोशिश की गई। दीपा दर्मवाल द्वारा दर्ज कराई गई नामजद शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस पुलिस कार्रवाई न होने से भाजपा ने गंभीर नाराजगी जताई है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के समर्थन वाले प्रत्याशी के पति लाखन नेगी पर पॉक्सो सहित 12 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह कई थानों में हिस्ट्रीशीटर के रूप में चिन्हित हैं। भाजपा ने मांग की कि इस प्रकरण में भी त्वरित कार्रवाई हो और कानून व्यवस्था से कोई समझौता न किया जाए। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मामले को राजनीतिक रंग देकर प्रदेश सरकार की छवि खराब करने की साजिश रच रही है। भाजपा ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। इस दौरान विधायक राम सिंह कैड़ा, दीवान सिंह बिष्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला के अलावा तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आज़ादी के मूल्यों और वर्तमान चुनौतियों पर मंथन

❑बुद्ध पार्क में मानवाधिकार संगठनों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता के 79वें वर्षगांठ के अवसर पर बुद्ध पार्क हल्द्वानी में मानवाधिकार रक्षा अभियान के तहत मानवतावादी संगठनों की एक विचार बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने आज़ादी के ऐतिहासिक महत्व संविधान के मूल्यों और वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक हालातों पर अपने विचार साझा किए। बैठक का संचालन बची सिंह बिष्ट ने किया, जबकि कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन द्वारा तिरंगे के राजनीतिक इतिहास पर गंभीर वक्तव्य से हुई। उन्होंने कहा कि तिरंगा अब बाज़ारवाद की चपेट में है और आज़ादी के प्रतीक को धार्मिक उन्माद से जोड़ा जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। कामरेड केके बोर ने मौजूदा सत्ता पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया और संविधान प्रदत्त अधिकारों को बचाने का आह्वान किया। कैलाश पांडे और महेश ने संविधान की अवहेलना और आज़ादी के संघर्ष के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि अब उस आज़ादी को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान इस्लाम हुसैन, यतीश पंत, कामरेड केके बोरा, कामरेड रजनी, कैलाश पांडे, आरपी गंगोला, जीआर टम्टा, महेश, मनमोहन सिंह मेहरा, रीता इस्लाम, राजीव टंडन, चंदन, वीएस बिष्ट, प्रदीप कोठारी मौजूद रहे।

# शिक्षा का अधिकार और क्लस्टर योजना पर विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर परिवर्तनकामी छात्र संगठन के आह्वान पर शिक्षा का अधिकार और क्लस्टर योजना विषय पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का संचालन महेश ने किया। शुरुआत इसलिए राह संघर्ष की हम चुनें गीत से हुई, जिसने विचार-विमर्श के माहौल को ऊर्जा प्रदान की। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू की जा रही क्लस्टर योजना का मकसद स्कूलों को बंद करना है। सरकार शिक्षा को निजी हाथों में सौंपना चाहती है। 559 क्लस्टर स्कूल खोलने', बच्चों को 100 किराया देने और हॉस्टल खोलने की बात इसका प्रमाण है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कई औद्योगिक घरानोंसे एमओयू साइन कर शिक्षा में कॉरपोरेट निवेश का रास्ता खोल दिया है, जो शिक्षा को व्यापार बना देगा। कहा कि क्लस्टर योजना से भोजनमाताओं के रोजगार पर भी खतरा है, जिन्हें महज 3000 मानदेय मिलता है। गोष्ठी में महेश, हेमा पांडे, अनिषेख, यतीश पंत, बिंदु गुप्ता, रजनी, पुष्पा कुड़ाई, रूपाली, भावना, शिवम कुमार, आनंद, जीआर टम्टा, मोहन मटियाली, विपिन, मयंक प्रसाद, हिमांशु, चंदन, उमेश पांडे, अनुराग चंद्र, टीआर पाण्डेय, पंकज पलड़िया, आरती सुमन, उमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।




## बालिका इंटर कालेज में देशभक्ति गीतों के साथ नृत्य प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्दूचौड़।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दौलिया में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लाष से मनाया गया। सर्वप्रथम झंडारोहण प्रभारी कल्पना जोशी द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य डा. भारती नारायण भट्ट ने सभी को 79वां स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। छात्राओं द्वारा वंदना, स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, कविता, देशभक्ति गीत, कुमाऊंनी नृत्य जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नृत्य, संस्कृत में गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर रेनू देवी, अध्यक्ष मंजू बिष्ट, भुवन गुणवंत, केनरा बैंक के मैनेजर मोहन कार्की, भावना उप्रेती, देवश्री मनराल, हंसा पांडे, रीता लसपाल, अभिलाषा कीर्ति, मोनिका किलकोटी, प्रियंका चम्याल, जय आर्या, बीना मेहरा, विद्युतमा टम्टा, बीना पंत, कंचन पांडे, कमला जोशी, ममता शर्मा, नीता बिष्ट, प्रदीप पाठक, पंकज वर्मा, हेमा पंत, हेमा फुलेरा, लीला तिवारी उपस्थिति रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

## शान से फहराया तिरंगा, दिलाई संविधान व नशामुक्ति की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कलक्ट्रेट व सिटी क्लब में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने ध्वजारोहण किया, जबकि विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने संविधान व नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों को फूलमाला व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दर्शन सिंह, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर नारी बूथा देवी, प्रीत कौर सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन अमरजीत सिंह, चन्द्रा सिंह, अमनजीत सिंह, रम्भा सिंह, विजय नाथ, शांति देवी, जीतेश राय, दलबीर सिंह, सोहरन सिंह, आनंद मणि, भगवान सिंह, हरविंदर सिंह को सम्मानित किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पुलिस लाइन रुद्रपुर में उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। जिले के सभी थानों और चौकियों में भी राष्ट्रध्वज फहराया गया।। एसएसपी ने आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया और सभी पुलिसकर्मियों व नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुलिस बल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य की चुनौतियों का डटकर सामना करने का आह्वान किया।

**जेसीज** पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में विशिष्ट अतिथि विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी अमन प्रताप सिंह (आईएएस), डा. सृजन श्रीवास्तव, सिमरन अरोरा (आईबी ऑफीसर गृह मंत्रलय), वैशाली सुखीजा विशिष्ट लेखक, आतिश अरोरा थे। विद्यालय के इन्हीं पूर्व विद्यार्थियों द्वारा धवजारोहण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

**होली** चाइल्ड के प्रांगण में भारतवर्ष की आजादी का 79वा स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास व देशभक्ति की भावना से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के संरक्षक योगराज बत्रा, प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी एवं मंजू अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात् सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। राष्ट्रीय गान के पश्चात् बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

**आरएएन** पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर की भूरारानी और बिलासपुर शाखा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12 के उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024.25 में 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। मुख्य अतिथि विकास शर्मा, महापौर, नगरनिगम, रुद्रपुर, प्रो. एके उपाध्याय, विभागाध्यक्ष पशु चिकित्सा विस्तार विभाग, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय तथा सम्मानित अतिथि विंग कमांडर एचके राय द्वारा ध्वजा रोहण के साथ हुआ।

**डीपीएस** स्कूल, रुद्रपुर में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव, उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ भव्य रूप से मनाया गया। चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, विशिष्ट अतिथि प्रमुख व्यवसायी सतीश, प्रेम कुमार, राजेन्द्र श्रीधर तथा वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर एवं प्रधानाचार्य के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने परेड करते हुए सलामी दी, जिनका अनुशासन और तालमेल देखने योग्य था।

**स्वतंत्रता** दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने ध्वजारोहण कर समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी, उन्होंने आजादी के इस महान पर्व पर समस्त कार्यकर्ताओं के साथ











मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया।

**लिटिल** किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में 79 वें स्वतन्त्रता दिवस को बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। इस आयोजन में स्कूल के निर्देशक हरेन्द्र सिंह पुरी ने ध्वजारोहण किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और आजादी का महत्व बताया। उन्होंने भारतवर्ष की आजादी की लड़ाई में अपना बलिदान देने वाले शहीदों को याद करते हुए सभी को संदेश दिया कि जीवन में सफल होने के साथ जिम्मेदार नागरिक होना आवश्यक है और हमें देश की तरक्की में अपना सकल योगदान देना चाहिए।

**वेदशक्ति** पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद सभी छात्रों और शिक्षकों ने "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के नारे लगाए। विद्यालय के प्रबंधक पंकज छबड़ा ने अपने संबोधन में कहा स्वतंत्रता हमें विरासत में नहीं मिली, बल्कि इसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने कठिन संघर्ष और बलिदान के बाद दिलाया है।

**कोलम्बस** पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने निर्धारित समय पर विद्यालय प्रांगण में पहुंचकर ध्वजारोहण किया और स्वतंत्र भारत मां को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात् उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन कर तिरंगे को सलामी दी गई तथा देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**विजडम** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल के ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. श्वेता मधवाल, उप प्रधानाचार्या साक्षी मिश्रा, मुख्य अध्यापिका उषा मिश्रा एवं विद्यालय के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित थे। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्र के सम्मान में राष्ट्र गान गाया गया।


















**उड़ान** ए प्ले स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का भव्य उत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका तथा फैंसी ड्रेस जैसी गतिविधियां मनोहरी तरीके से पेश की गई। इस मौके पर प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे नन्हे बच्चे भारत माता, नेता सुभाष चंद्र बोस, चाचा नेहरू आदि की वेशभूषा में आए।

तीन पानी डैम स्थित ओमेगा नेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का भव्य उत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका तथा फैंसी ड्रेस जैसी गतिविधियां मनोहरी तरीके से पेश की गई। इस मौके पर नन्हे नन्हे बच्चे भारत माता, की वेशभूषा में आए। प्रबंधक विपुल पांडे एवं अन्य अध्यापक गण के साथ ध्वजा रोहण व दहीहांडी समारोह संपन्न हुआ।

**जबा** होली मदर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का भव्य उत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका तथा फैंसी ड्रेस जैसी गतिविधियां मनोहरी तरीके से पेश की गई। इस मौके पर नन्हे नन्हे बच्चे भारत माता, की वेशभूषा में आए। प्रधानाचार्य संजय मंडल एवं अन्य अध्यापक गण के साथ ध्वजा रोहण व दहीहांडी समारोह संपन्न हुआ।

**तीन पानी** डैम स्थित स्मार्ट किड्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी का भव्य उत्सव मनाया गया। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका तथा फैंसी ड्रेस जैसी गतिविधियां मनोहरी तरीके से पेश की गई। इस मौके पर नन्हे नन्हे बच्चे भारत माता व श्रीकृष्ण - राधा के बालरूपों को प्रदर्शित किया।

**रुद्रपुर** में किच्छा बाईपास स्थित ऑक्सफोर्ड अकादमी सीनियर सेवंडरी स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कॉलेज के प्रधानाचार्य



















एसके नेगी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। तत्पश्चात देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**चाणक्य** लॉ कॉलेज रुद्रपुर में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टररविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। तत्पश्चात देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**यूके** कान्वेंट इंटर कॉलेज प्रीत विहार में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

सुबह स्कूल प्रांगण में मुख्य अतिथि जीसी परगंई स्वतंत्रता सेनानी संग्राम के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अतिथि प्रियंका गुप्ता पार्षद प्रीत विहार फाजलपुर मेहरौला, प्रबंधक केपी सिंह एवं प्रधानाचार्य उषा सिंह एवं एचसी परगंई ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया।

**जसपुर में** क्षेत्रीय विधायक आद. ेश चौहान ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर प्रात: सभी साथियों के साथ जसपुर शहर में प्रभात फेरी निकाली और विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं सुभाष चौक पर तिरंगा का झंडा लहराने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक, पूर्व विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, एसडीएम, भाजपा के वरिष्ठ नेता, गणमान्य व्यक्तियों ,जनप्रतिनिधियों समाज सेवी संस्थाओं व क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया।

सुबह 10:00 बजे सुभाष चौक पर लगे क्षेत्र के सबसे बड़े लगभग 111 फीट ऊंचे झंडे पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे वहां पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों/ नागरिकों द्वारा झंडारोहण का कार्यक्रम किया गया उसके पश्चात राष्ट्रीय गान गया गया और मौके पर मौजूद लोगों द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां प्रेषित की गई।

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्थान पंडित पूर्णानन्द तिवारी इंटर कॉलेज के कॉलेज के प्रांगण में 79वां स्वतंत्रता दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर हर्षउल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप गोयल ने देश के गर्व के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराया तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा रंगा रंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# पुल निर्माण में घोटाले की हो उच्च स्तरीय जांच: ठुकराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा रोड स्थित नेशनल हाईवे पर क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के दौरान शनिवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने निर्माण में इस्तेमाल की सामग्री और पुल की पुरानी संरचना को देखा। पुल में लगाई गई सरिया की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने तीखी नाराजगी जताई और पुल निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया।गौरतलब है कि बीते दिनों किच्छा रोड पुल अचानक धंस गया था, जिसके चलते इस पर यातायात रोकना पड़ा। घटना के बाद ही ठुकराल ने अपने समर्थकों के साथ मौके पर प्रदर्शन किया था और पुल निर्माण में घोटाले का आरोप लगाया था। शनिवार को ठुकराल दोबारा निरीक्षण पर पहुंचे। मरम्मत कर रहे श्रमिकों ने जब पुल की डामर हटाई तो पुल में प्रयुक्त हो रही सामग्री देखकर लोग हैरान रह गये। इसमें सरिया मानकों के अनुरूप इस्तेमाल नहीं की गयी थी। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि पुल में मानकों के अनुरूप सरिया नहीं डाली गई है। यही कारण है कि मात्र चार-पांच वर्ष पहले निर्मित यह पुल जर्जर हालत में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात यह है कि इस पुल के ठीक बगल में 50-60 साल पहले बना पुराना पुल आज भी मजबूती से खड़ा है, जबकि नया पुल धंस गया। यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का उदाहरण है। पूर्व विधायक ने जिला प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अब तक जिलाधिकारी ने इस गंभीर मामले का संज्ञान तक नहीं लिया है, जबकि यह सत्ता पक्ष के भ्रष्टाचार का खुला उदाहरण है।

## एक नजर

### कृषि उत्पादन मंडी समिति में मंडी सचिव ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया मंडी सचिव सहील अहमद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया



मंडी सभागार में एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मंडी सचिव सहील अहमद ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सिर्फ झंडा फहराने का दिवस ही नहीं वल्कि उन तमाम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है जिन्होंने अपने लहू से सींच कर हमें आजादी दिलाई,ये एकता अखंडता और सद्भावना,का दिवस है हमें तमाम शहीदों को नमन करते हुए इस आजादी के धरोहर संभाल कर रखना होगा।

सब्जी मंडी आढती यूनीयन के अध्यक्ष अजीजुर्रहमान ने कहा कि मुल्क में सभी धर्मों एवं वर्गों के लोगों ने मिलकर आजादी दिलाई इस समय राष्ट्रीय एकता अखंडता संप्रभुता की आवश्यकता है। इस अवसर पर मो. इकबाल, मनोज महेश्वरी, विपिन काण्डपाल, साहेब ए आलम, सुरेन्द्र सिंह , ललित पन्त, अब्दुल कय्यूम, नईम साहबुद्दीन, हसीन वारसी, सोहनलाल, मुजीब अहमद, सुनील कुमार, दीपा मनराल आंचल कुमारी पुष्पा देवी, गीता देवी आदि ने प्रतिभाग किया।

### लायंस क्लब द्वारा तिरंगा यात्राा व सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** स्वतंत्रता दिवस पर लायंस क्लब खटीमा सिटी के सदस्यों ने सिटी कॉन्वेंट स्कूल, जीआईसी एवं अन्य स्कूल के एनसीसी कैडेट्स बच्चो, टीचर्स तथा मैनेजमेंट के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस बार भी भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।




तिरंगा यात्रा जीआईसी खटीमा के प्रांगण से सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई और खटीमा नगर में भ्रमण करते हुए मेन चौक पर एकत्रित होकर सामूहिक राष्टगान किया गया। प्रोग्राम चेयरपर्सन लायन प्रवीन उपाध्याय द्वारा इस बच्चो के मैनेजमेंट की बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई थी। एलसीआई कॉर्डिनेटर लायन एनसी रौतेला द्वारा एनसीसी कैडेट के बैंड को बहुत खूबसूरत तरीके से प्रशिक्षित किया गया था ।

लायंस क्लब खटीमा सिटी के सभी मेंबर्स अपने परिवार सहित तथा शहर के प्रतिष्ठित समाज सेवक एवं अन्य कई विद्यालयों के विद्यार्थी इसमें शामिल हुए।इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन हरमीक सिंह, सचिव लायन विवेक अग्रवाल, राहुल कंसल, भुवन जोशी, राजकुमार अरोड़ा, विनीत गुप्ता, लायन संजय गुप्ता, लायन सुधीर बत्रा, लायन संदीप अग्रवाल, लायन कैप्टन दीवानी चंद, अमित अग्रवाल, लायन हरप्रीत, जगदीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जानलेवा हमले का आरोपी तमंचे सहित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी को काशीपुर बाईपास रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया गया है।

बता दें 21 मई 2025 को गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी ने अपने साथी विक्रमजीत सिंह उर्फ जोरा जट (निवासी अमृतसर, पंजाब) के साथ मिलकर रुद्रपुर की इंदिरा कॉलोनी में अपने ताऊ के बेटे जगजीत सिंह उर्फ मिंटू पर जानलेवा हमला किया था। पारिवारिक रंजिश के चलते आरोपियों ने मिंटू के घर पर आकर फायरिंग की थी। घटना के बाद फरार हुआ गुरप्रीत लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। उसका साथी विक्रमजीत पहले ही 23 मई को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने फरार गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपीपुत्र स्व- सेवा सिंह निवासी ग्रीन पार्क के पीछे, डिबिडिबा को काशीपुर बाईपास रोड से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी तीन आपराधिक मामले हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी,वरिष्ठ उप निरीक्षक नवीन बुधानी,उप निरीक्षक हो. शियार सिंह,उप निरीक्षक धीरज टम्टा,कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह, शंकर भट्ट आदि शामिल रहे।

### प्रशासन ने कब्जे में ली प्राग फार्म की 1914.3 एकड़ भूमि, कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल रहा मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा ।** एडीएम के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्राग फार्म की 1914.30 एकड़ भूमि पर कब्जा ले लिया। प्रशासन के कब्जे की कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहा। जिसके कारण प्रशासन की टीम को किसी तरह के विरोध का सामना नही करना पड़ा।

शनिवार को एडीएम कौस्तुभ मिश्रा एवं के नेतृत्व में एसडीएम गौरव पांडे एवं तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी भारी पुलिस बल के साथ हल्द्वानी रोड स्थित प्राग फॉर्म पहुंचे वहां सरकारी नोटिस चस्पा कर 1914.30 एकड़ सरकारी भूमि पर कब्जा लेने पहुंचे। एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि बर्ष 1933 में ब्रिटिश सरकार के लीज सेक्रेटरी ऑफ स्टेट ने किच्छा तहसील की 12 गांव की 5193 एकड़ भूमि प्राग नारायण अग्रवाल को 99 वर्ष की लीज पर दी थी। 1938 में प्राग नारायण अग्रवाल की मृत्यु के बाद भूमि उनके वारिस के एन अग्रवाल व शिव नारायण



अग्रवाल के नाम पर हो गयी। आजादी के बाद महाराजपुर व श्रीपुर की भूमि विस्थापितों को आवंटित कर दी गयी थी। 1966 में लीज गवर्नमेंट एस्टेट ठेकेदारी अबोलेशन एक्ट के तहत निरस्त कर दी गयी थी। जिसके चलते 4034.03 एकड़ भूमि बची थी। इसमें से एसएन अग्रवाल पक्ष की 1972. 75 एकड़ भूमि पर प्रशासन ने 20 सितंबर 2014 को कब्जा ले लिया । शेष के एन अग्रवाल पक्ष की 1914 एकड़ भूमि पर 3 नवंबर 2022 को जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर राज्य सरकार में निहित कर दी गयी थी। लेकिन उच्च न्यायालय में स्पेशल अपील के चलते इस भूमि पर कब्जा नहीं लिया जा सका। 13 अगस्त को विशेष अपील को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया था। जिस पर प्रशासन ने शनिवार एडीएम कौस्तुभ मिश्रा की अगुवाई में भूमि पर कब्जा ले लिया तथा आमजन की जानकारी हेतु बोर्ड स्थापितकर दिया जिसमें साफ लिखा है कि यह भूमि सरकारी है। भारी पुलिस बल को देखते हुए विरोध करने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ा तथा प्रशासन ने बिना की बल एवं असुविधा के सरकारी भूमि पर कब्जा ले लिया।प्रशासन की कार्रवाई के दौरान एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा के अलावा एसडीएम गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र पांडे, सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी, कोतवाल धीरेंद्र कुमार,भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# खेत में काम कर रहे बुजुर्ग पर गुलदार ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिम वन प्रभाग आमपोखरा रेंज के ग्राम नया झिरना प्लाट नंबर 16 में शुक्रवार शाम को गुलदार ने उसे समय एक बुजुर्ग पर अचानक हमला बोल दिया, जब यह बुजुर्ग अपने खेत में काम कर रहा था। गुलदार के हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं गुलदार की दहशत से ग्रामीण काफी चिंतित है।

उदय सिंह बिष्ट उम्र 55 वर्ष जो कि इसी गांव का रहने वाले हैं और कल शाम अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच अचानक गुलदार उन पर हमला बोल दिया। बुजुर्ग की चीख-पुकार के बाद मौके पर परिजन और अन्य ग्रामीण पहुंचे तथा शोर मचाने के बाद गुलदार बुजुर्ग को लहू लुहान हालत में खेत में छोड़कर जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व भी गांव में गुलदार की आवाजाही की सूचना वन विभाग को दी थी, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने गांव में आतंक का पर्याय बन चुके गुलदार को शीघ्र पकड़ने की मांग की है। रेंजर पूरन



सिंह खनायत ने बताया कि सूचना पर वह वन विभाग के कर्मचारियों के साथ सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि घाव ज्यादा होने के कारण घायल को बृजेश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से घटना स्थल के आसपास न जाने की अपील की है।बताया कि पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# स्वीमिंग पूल में डूबकर युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** घूमने आए एक पर्यटक की शुक्रवार देर शाम रिसॉर्ट के स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई।मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी राकेश शर्मा पुत्र गोरखनाथ शर्मा उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार राकेश शर्मा अपने चार दोस्तों के साथ कॉर्बेट नेशनल पार्क भ्रमण के लिए शुक्रवार सुबह रामनगर पहुंचे थे,पांचों दोस्तों ने ग्राम ढिकुली स्थित एक रिसॉर्ट में दो कमरे



बुक किए थे,दिन भर रामनगर घूमने के बाद सभी दोस्त शाम के समय रिसॉर्ट लौटे और वहां बने स्विमिंग पूल में नहाने चले गए।उसके बाद चारों दोस्त खाना खाने चले गए और वह राकेश स्विमिंग पूल में नहाता रहा।काफी समय बीतने के बाद भी राकेश खाना खाने नहीं पहुंचा।तो चारों दोस्त स्विमिंग पूल पर पहुंचे। राकेश स्विमिंग पूल में डूबा हुआ था।आनन फानन में दोस्तो के द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि शनिवार सुबह सरकारी अस्पताल में मृतक राकेश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## एक नजर

### 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** जिला मुख्यालय के कलक्ट्रेट परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के उत्साहपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और स्वतंत्रता सेनानियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमें सेनानियों के सपनों को साकार करने और देश व समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा।

### टुकटुक का लॉक तोड़कर बैटरियां की पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ग्राम पंचायत मनिहारगोठ में शनिवार की अल सुबह एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर ऑटो रिक्शा टुकटुक का लॉक तोड़कर महंगी बैटरियां चुरा कर ले गए। ऑटो रिक्शा टुकटुक मालिक असगर हुसैन पुत्र अनवर हुसैन खा लूंगा ने पुलिस को शिकायती पत्र मनिहारगोठ चौकी में दे दिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक अज्ञात चोर घर के बाहर खड़े ऑटो रिक्शा का लॉक तोड़कर चार बैटरी चुरा कर फरार हो गए। चोरी की गई बेटियों की कीमत लगभग 50000 के आसपास बताई गई है। ऑटो रिक्शा घर के बाहर खड़ा था। जहां चोरों ने लॉक तोड़कर बैटरियां चुरा ली। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल चोरों की तलाश जारी है। इधर ग्राम प्रधान शाहाना खातून ने पुलिस प्रशासन से रात्रि में गश्त बढाए जाने की मांग की है।

### छात्र-छात्राओं को वितरित की लस्सी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर ( चम्पावत )।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ट्रेडिंग कम्पनी टनकपुर डिस्टीबूटर एवं पारले एग्रो प्रा.लि. के सहयोग से शुक्रवार 15 अगस्त को नगर क्षेत्र के पांच प्राथमिक विद्यालयों में



छात्र-छात्राओं को लस्सी का वितरण किया। लस्सी मिलने पर बच्चे खासे उत्साहित नजर आए। बताया गया कि नगर क्षेत्र के पंकज शर्मा शिशु वाटिका स्कूल, राजकीय विद्यालय वार्ड न० 10, महात्मा गाँधी गर्वमेंट प्राईमरी स्कूल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय वार्ड नं. 3, राजकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लस्सी पैकेट वितरण किये गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा समस्त स्टाफ ने समाजसेवी राकेश अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है।

### लायंस क्लब ने बच्चों को दी शिक्षण सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** लायंस क्लब टनकपुर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के खास अवसर पर स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण कर बच्चों को बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपा मिल्कानी ने बताया कि लायंस क्लब टनकपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय वार्ड नं 1 के बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही लायंस क्लब परिवार के सौजन्य से बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब परिवार के द्वारा किए गए नेक कार्य का विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा आभार व्यक्त किया गया। लायंस क्लब अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हमें आगे बढ़ाने में मदद करती है। यह हमें न केवल ज्ञान देती है। बल्कि हमें एक बेहतर इंसान भी बनाती है।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन अनुराग अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक लायन पुनीत शारदा, उपाध्यक्ष लायनघ रचित मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष लायन दीपक जैन, निवर्तमान अध्यक्ष लायन वैभवघ अग्रवाल, लायन दीपक शारदा, लायन दीपक छतवाल लायन संजय अग्रवाल, उर्फ (मगन बिहारी) लायन अर्पित शर्मा, लायन आलोक अग्रवाल, लायन दर्पण अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### ढाकी लिंक रोड कटी, देवहा का जलस्तर बढ़ा, सम्पर्क टूटा, घरों में घुसा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** देवहा नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्राम ढाकी में बाढ़ जैसे हालात उतपन्न हो गए हैं । नानक सागर डेम से पानी छोड़े जाने से ग्राम दाह ढाकी में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न होने लगे। अत्यधिक पानी आने के कारण ढाकी लिंक डामरीकरण मार्ग कट कर ढे गया जिससे ग्रामीणों का मुख मार्ग से संपर्क टूट गया। और बाढ़ का पानी कई घरों में घुसने से ग्रामीणों का काफी नुकसान हो गया साथ धान की तैयार फसल भी पानी से जलमग्न है जिससे फसल खराब होने से की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि देवहा का जलस्तर धीरे-धीरे काम हो रहा है जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा की बिगड़ते हालात के बारे में खटीमा राजस्व व पीडब्ल्यूडी उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। वहीं टूटे लिंक रोड की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग के जेई गिरीश लोहनी ने जेसीबी से मार्ग पर मिट्टी डालकर मार्ग सुचारू करने का प्रयास जारी है। इस दौरान मौके पर जेई गिरीश लोहनी, ग्राम प्रधान पति मुकेश कुमार सक्सेना, किसान आयोग कारज गुरजंट सिंह, मलकीत सिंह आदि थे।

# स्वाधीनता दिवस पर राज्य आंदोलनकारियों ने उप जिलाधिकारी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राज्य आंदोलनकारी परिषद की ओर से विशिष्ट जन सेवा कर रही लोहाघाट की उप जिलाधिकारी नितेश डांगर का शाल उड़ाकर अभिनंदन किया गया।

राज्य आंदोलनकरियों का कहना था कि जिन मूल्यों, आदर्शों व भावनाओं को लेकर हमने अलग उत्तराखंड राज्य की परिकल्पना की थी, भले ही हमारे सपनों का उत्तराखंड नहीं बन पाया। इसके बावजूद भी जो अधिकारी अपनी विशिष्ट जन सेवा की भावना से कार्य कर रहे हैं। उन्हें देखकर हमें संतोष करना पड़ता है कि समाज में ऐसे भी अधिकारी भी हैं जो अपनी शक्ति व सामर्थ से अपनी विशिष्ट जन सेवा कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों को देखकर हमें संतोष होता है इन्हीं भावनाओं से आज एक महिला प्रशासनिक अधिकारी के रूप में लोहाघाट, पाटी,



बाराकोट तहसील एवं पुल्ला उप तहसील का कार्यभार देख रही एसडीम नितेश डांगर को सम्मानित करने का अवसर मिला है। यहां लोकतंत्र सेनानी स्व. हयात सिंह मेहरा की धर्मपत्नीमुन्नी मेहरा, नवीन मुरारी,भूपेश देव, एडवोकेट भास्कर मुरारी, सुरेंद्र बोहरा, एडवोकेट पूजा अधिकारी, मनीषा उप्रेती, आरपी पांडे, चंद्रकला चतुर्वेदी, प्रियंका मेहरा आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख महेंद्र ढेक सहित 10 अन्य लोगों के खिलाफ थाने में दी तहरीर

■ प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गोविंद बोहरा की पत्नी भागीरथी ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पंचायती चुनाव में ब्लॉक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख व कनिष्ठ प्रमुखों के चुनाव परिणाम आने के बाद जहां खुशी एवं गम का दौर चल रहा था। वहीं लोहाघाट में यहां के नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गोविंद बोहरा की पत्नी भागीरथी बोहरा ने आरोप लगाया है कि प्रमुख द्वारा रात लगभग 11 बजे अपने 10 अन्य साथियों के साथ उनके घर में तोड़फोड़ कर घर में घुसने आदि तमाम आरोप लगाते हुए, पुलिस में तहरीर दी है। पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

श्री बोहरा के अनुसार रात में ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक और थाना अध्यक्ष लोहाघाट को घटना की जानकारी दी। पुलिस के आने के बाद अपराधी वहां से खिसकने लगे तथा बाद में भी डराने दमकाने लगे। मौके से पुलिस द्वारा कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार का कहना है कि भागीरथी बोहरा की ओर से उन्हें तहरीर मिल चुकी है तथा उसमें जांच की जा रही है। तथा जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस घटना से श्री बोहरा का परिवार काफी भयभीत एवं आतंकित हो गया है तथा उन्होंने घटना में लिप्त लोगों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कारवाही करने की मांग की है। इस घटना को लेकर शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया है तथा उनकी नजर पुलिस कार्यवाही पर टिकी हुई है। इस घटना से आस पास के लोग भी सहमे हुए हैं।

# वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने आदित्य चौक पर फहराया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** नगर व क्षेत्र में 79 वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने आदित्य चौक के निकट तमाम लोगों के साथ 79 वें राष्ट्रीय पर्व पर अपने कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी देकर राष्ट्रीय पर्व की सभी को बधाई दी। इस मौके पर संजीव कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की परिकल्पनाओं को साकार करना है समाज के विकास में अपनी पूर्ण सहभागिता निभानी है। वहीं व्यापार मंडल महामंत्री नितिन फुटेला ने अपने कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी देकर क्षेत्र वासियों को राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त की बधाई दी। आवास विकास स्थित सेंट मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल किच्छा एवं छिनकी स्थित स्कूल परिसर में स्कूल के संस्थापक एआर अंसारी ने ध्वजारोहण कर किया।

# कोसी नदी में नहाने के दौरान युवक बहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोसी नदी में नहाने के दौरान एक युवक गहरे पानी में बह गया।आसपास के लोगों और दोस्तों ने युवक को पानी से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। शुक्रवार को ग्राम पीपलसाना मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी रोहित पाल, काशीपुर निवासीगण धर्मवीर और राम किशोर गर्जिया मंदिर आए थे। गर्जिया मंदिर के समीप कोसी नदी में तीनों नहाने चले गए।कुछ समय बाद राम किशोर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।दोनों दोस्तों और आसपास के लोगों द्वारा राम किशोर को बचाया गया।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि तीन दोस्त गर्जिया मंदिर आए थे।तीनों युवक नहाने के दौरान एक युवक पानी में डूब गया था। उसको बचाया गया। युवक का उपचार कराकर तीनों को घर भेज दिया गया।

# स्कूली बच्चों ने निकाली आकर्षक झांकियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक झाकियां निकाली गई। जिसे देखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से लोग उमड़ पड़े।

पूर्व सैनिकों द्वारा अपने अलंकरणों के साथ रैली निकाली तथा शहीद पार्क में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। बाद में सैनिक कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। स्थानीय कचहरी में प्रांगण में एसडीएम नितेश डांगर ने ध्वजारोहण किया। यहां लोकतंत्र सेनानी की पत्नी वीरांगना मुन्नी मेहरा एवं राज्य आंदोलनकारियों को माल्यार्पण एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने लोगों से चंपावत जिले को नशा मुक्त करने के साथ जिले को आदर्श रूप देने पर जोर दिया। नगर पालिका के अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने ध्वजारोहण किया तथा नगर के लोगों को बधाई देते हुए शहर को 'नीट एंड क्लीन' बनाने पर सहयोग की अपील की।

इस अवसर पर सभी सभासद व नागरिक मौजूद थे। राजस्व लोकउप में एसडीम डांगर ने विचाराधीन कैदियों को फल व मिष्ठान वितरित किया। सभी सरकारी एवं गैर सरकारी भवनों में ध्वजारोहण किया गया। जीआईसी, जीजीआईसी एवं राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी कैंडिटो ने आकर्षक मार्च पास्ट किया।

इधर आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी में कमांडेंट संजय कुमार ने आकर्षक परेड की सलामी ली,तथा देश की आन, बान और शान के लिए मर मिटने का संकल्प भी लिया। कमांडेंट ने राष्ट्र के लिए शहीद सैनिकों का भावपूर्ण स्मरण किया। परेड का संचालन सहायक सेनानी अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी मेघराज मीणा, उप सेनानी नारायण सिंह, मुकेश कुमार, डॉ सुरेश सिंह, डॉ आयरा,निरीक्षक गोपाल वर्मा, अनिल कुमार भी मौजूद थे। कार्यक्रम में आईटीबीपी के पूर्व हिमवीरों का कमांडेंट ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया, कहा आप लोग ही आईटीबीपी के गौरवशाली इतिहास को लिखने वाले हैं।

बाराही धाम के संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य हरिश्चंद्र पांडे ने ध्वजारोहण कर घर घर देववाणी संस्कृत की ऋचाओं की गूंज फैलाने के प्रति संकल्प लिया।

अद्वैत आश्रम मायावती में प्रबंधक स्वामी सुहृदयानंद महाराज ने ध्वजारोहण किया। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद जी महाराज ने गांव-गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। राउमावि खूनाबोरा में प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के संचालन में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का शानदार प्रदर्शन किया गया।

# भारत माता की जयकारों से गूंजा खटीमा नगर एवं गांव

■ नगर एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

■ लायंस क्लब द्वारा मुख्य चौक खटीमा में किया गया सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पूरे देश में जहां 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्ल्लास पूर्वक मनाया गया। वहीं खटीमा में भी तहसील परिसर, कोतवाली परिसर, विकासखंड कार्यालय, वन विभाग, नागरिक चिकित्सालय, गन्ना समिति, नगर पालिका परिषद, कृषि मंडी तथा जल संस्थान सहित विभिन्न सरकारी गैर सरकारी प्रतिष्ठानों, संस्थानों, स्कूलों, कार्यालय तथा उद्योगों में विभागाध्यक्षों द्वारा झंडारोहण कर स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाया गया। इधर भारत नेपाल सीमा स्थित थाना झनकईया व एसएसबी की विभिन्न सीमा चौकियों पर भी ध्वजारोहण कर जवानों ने स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाया। तहसील परिसर में भी एसडीएम तुषार सैनी की उपस्थिति में तहसील कर्मियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इधर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, मदरसा रहमानिया व जमा मस्जिद में कामिल खान, तहसील परिसर में एसडीएम तुषार सैनी, थाना झनकईया में थाना प्रभारी देवेंद्र गौरव, भागीरथी पब्लिक स्कूल विगराबाग में प्रबंध निदेशक गणेश दत्त कापड़ी ने ध्वजारोहण कर वीर बलिदानियों को नमन व याद किया। वहीं मुख्य चौक के पास स्थित शहीद स्मारक स्थल पर भी उत्तराखंड राज्य आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मुख्य मार्गों एवं संपर्क मार्गों पर पारंपरिक वेशभूषा में तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्र की एकता, अखंडता, बंधुता, प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। लायंस क्लब द्वारा खटीमा मुख्य चौक पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। वहीं विभिन्न विद्यालयों में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाया गया। इस अवसर पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर सपूतों के योगदान, संघर्षों और त्याग को याद करते हुए उनको नमन किया गया। इसके साथ ही देश की एकता, अखंडता, आपसी सौहार्द और भाईचारा को कायम रखते हुए राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र की उन्नति के सहयोग का संकल्प भी लिया गया।

# प्रधान ताहिर ने सीनियर सिटीजन सम्मान समारोह किया आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम सभा कंचनपुरी में भव्य सीनियर सिटीजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गांव के बुजुर्गों को ग्राम प्रधान ताहिर अंसारी के द्वारा मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया।

कंचनपुरी ग्राम प्रधान ताहिर अंसारी के द्वारा सीनियर सिटीजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान गांव के बुजुर्गों को स्मृति चिन्ह व सोल उड़ाकर सम्मानित किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रधान पद पर पचपेड़ा कंचनपुरी से ताहिर अंसारी की विजय प्राप्त होने के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया गांव के बुजुर्गों तथा समर्थकों को ताहिर अंसारी द्वारा शॉल व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शकील अंसारी ने किया। इस दौरान मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि अंत. राम, प्रदुम्न कुमार, हनीफ, मोमिन शाह, मुंतियाज, हनीफ, फितरत शाह, मुन्ना आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस रामनगर में धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी,अर्ध सरकारी, स्कूलों,कॉलेजों और विभिन्न संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अपने कार्यालय पर झंडा रोहण किया।एसडीएम प्रमोद कुमार ने तहसील मुख्यालय में झंडा रोहण किया। इस दौरान तहसीलदार मनीषा मरकाना,राजस्व उप निरीक्षक आरिफ हुसैन, राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने झंडा रोहण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, सफाई निरीक्षक लल्ला मियां, सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद शमीम अहमद आदि मौजूद रहे। जल संस्थान में अधिशासी अभियंता मनोज कुमार गंगवार, बिजली विभाग में अधिशाषी अभियंता गोविंद कार्की और एसडीओ दरपण सिंह निखुरपा, कार्बेट में डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बड़ोला ने किया।इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटि, रेंजर संजय पांडे, रेंजर ललित मोहन आर्य आदि मौजूद रहें।तराई पश्चिम वन प्रभाग में डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने किया।इस दौरान एसडीओ संदीप गिरी, एसडीओ मनीष जोशी रहे।रामनगर वन प्रभाग में डीएफओ दिगत नायक,रामनगर रेंज में रेंजर धर्मानंद सुनाल,कोसी रेंज में रेंजर शेखर चंद्र तिवारी ने किया। बेलपड़ाव रेंज में रेंजर विजेंद्र अधिकारी, बिजरानी रेंज में रेंजर प्रकाश चंद्र हरबोला,सर्पदुली रेंज में रेंजर उमेश आर्य,कोटा रेंज में रेंजर रमेश चंद्र ध्यानी,आमपोखरा रेंज में रेंजर पुरण सिंह खनायत, उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड में विनोद सीमल्टी, ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी,ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी खंड विकास अधिकारी गिरीश पांडे,सीओ ऑफिस में सुमित पांडे, कोतवाली में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने किया।इस दौरान एसएसआई मोहम्मद यूनुस,एसएसआई मनोज नयाल आदि मौजूद रहें।राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एमसी पांडे,पिरुमदारा पुलिस चौकी में इंचार्ज सुनील धनिक,मालधन पुलिस चौकी में इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार,जामा मस्जिद के मैदान में प्रभारी सदर शकील खान और मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी,बड़ी मस्जिद के मैदान में सदर सईद अख्तर ने किया। ग्राम पूछड़ी शक्तिनगर पंचायत में प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद शकील अहमद अंसारी ने किया। ग्राम शक्तिनगर के मदरसे मे भाजपा नेता अजीज खान ने किया। रामनगर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं पीरुमदारा में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने किया।इस दौरान नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबन्धु रावत, अनिल अग्रवाल, नजाकत अली, जावेद खान,चांद खान आदि मौजूद रहे। ग्रीन फील्ड एकेडमी स्कूल में डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत, पूर्व सैनिक व वीर नारियों द्वारा शहीद पार्क में झंडारोहण किया गया। एमपी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉक्टर संजीव शर्मा, ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में डायरेक्टर डॉक्टर प्रसून श्रीवास्तव और प्रिंसपल डॉक्टर नलिनी श्रीवास्तव ने किया।सैफी पब्लिक स्कूल और सब्जी मंडी में समाजसेवी डॉक्टर जफर सैफी किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक,हाजी जुल्फिकार, मोहम्मद शहजाद, युसुफ कुरेशी आदि थे।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मोहम्मद फैजान को मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने और गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्यों अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मौ. यासीन पुत्र श्री इसरार हुसैन निवासी- ग्राम कनौरा, तहसील बाजपुर, उधमसिंह नगर**

## कर्तव्य पालन ही सच्ची देशभक्ति : रेखा

**देहरादून।** स्वतंत्रता दिवस पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज प्रांगण में झंडारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

# नकबजनी की दो घटनाओं का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** गधविहार मोकमपुर निवासी एक व्यक्ति के मकान के ताले तोड़कर वहां से लाखों रुपए के जेवर चोरी करने वाले एक साथी नकब्जन को नेहरू कॉलोनी पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 15 लख रुपए के जेवरात बरामद किए हैं पकड़ा गया शातिर नकब्जन चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथ पेट्रोल का टैंक रखता था स इस संबंध में नेहरू कॉलोनी थाने पर अभियोग पंजीकृत करते हुए भगत सिंह नेगी पुत्र पूरन सिंह नेगी ने बताया था कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर का दरवाजा तोड़कर घर से ज्वैलरी व अन्य सामान चोरी कर ले गया है। उक्त तहरीर के आधार संबंधित थाने पर धारा 305(˙), 331(4) BNS पंजीकृत किया गया।

बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों के जेवर चोरी करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने संबंधित अधिकारियों को वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए थेस वहीं नेहरू कॉलोनी थाने पर एक पुलिस टीम का गठन कर चोरी की वारदात का खुलासा करने के लिए उन्हें लगाया गया था गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल व आस पास मार्गो पर लगे लगभग 80 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गयास शनिवार को एक सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा वारदात में शामिल एक शातिर नकब्जन मनीष कुमार को अनिकेत फॉर्म के पास सड़क मार्ग से घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त की तलाशी में उसके कब्जे से नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में हुई नकबजनी की घटना से संबंधित चोरी की ज्वैलरी बरामद हुई, तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से कुछ अन्य आभूषण भी बरामद हुए, जिनके सम्बंध में सख्ती से पूछताछ पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा उक्त ज्वैलरी को 10 अगस्त की रात्रि में हर्रावाला क्षेत्र में बंद मकान की चोरी करना बताया गया।पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह रात्रि में मोहल्लो में घूमकर बंद घरों की रैकी कर चोरी की घटनाओ को अंजाम देता है।

# मां, बेटी व पुलिस के विवाद को लेकर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राजधानी देहरादून के रेसकोर्स में 13 अगस्त को बिजली पोल से केबिल डालने को लेकर विवाद के मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने सख्ताई दिखाते हुए गंभीर जांच के आदेश दिए है। जानकारी के अनुसार यहां पर विद्युत की भूमिगत लाइन बिछाई गई है। एक परिवार के घर में बिजली दिक्कत होने के कारण उन्होंने केबिल लगाने के लिए विद्युतकर्मियों को बुलाया था, जिसको लेकर यहां विवाद हुआ।

मामले में राज्य महिला आयोग को शिकायतकर्ता ने दर्ज कराई गई शिकायत में विस्तार से मामले जानकारी दी । महिला ने अपने व अपनी बेटी के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्रता करने की शिकायत की है।

मामले की जानकारी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को मिलने पर उन्होंने थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी से फोन पर प्रकरण की जानकारी ली जिसमें थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में माँ व बेटी के द्वारा मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता व मारपीट की गई है, इसके बाद अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने प्रकरण में एसपी सिटी सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह से फोन पर वार्ता के क्रम में गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बताया कि उन्होंने दोनों पक्षो को आयोग में बुलाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य महिला आयोग की एक टीम द्वारा प्रकरण की गंभीर व निष्पक्ष जांच की जाएगी क्योंकि यह अत्यंत निन्दानीय घटना है, जो भी गलत होगा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून समाज की सुरक्षा के लिए है और यदि किसी के द्वारा कानून का गलत उपयोग किया गया है या कानून के नियमों का उल्लंघन किया है तो उसके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


विज्ञापनदाताओं, पाठकों व शुभचिंतकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नवीन अरोरा
शाह टाइम्स कार्यालय प्रभारी
काशीपुर (उत्तराखण्ड)
मोबाइल-9837350860

With best compliments from :
INDIA GLYCOLS LIMITED
(An ISO 9001: ISO14001: OHSAS 18001: ISO 22000 : FSSC : 22000 : SA 8000 : ISO 50001 )
Manufacturers of :
- Ethylene Glycols & Poly Ethylene Glycols
- Glycol Ether & Acetates
- Industrial Gases- Oxygen, Nitrogen, Co2 & Argon
- Natural Gums and their derivatives
- Extra Neutral Alcohol & Potable Liquors (IMFL & CL)
- Hand sanitizer "HANDSANTOL™" Retail & Bulk Pack.

WORKS & Regd. Office :
A-1, Industrial Area, Bajpur Road, Kashipur-244713
Distt. Udham Singh Nagar (Uttarakhand)
Phone- +91-5947-269000, 269500
Fax- +91-5947-269315

HEAD OFFICE :
Plot No. 2-B, sector 126, NOIDA-201304
Distt. Gautam Buddha Nagar (U.P.)
Phone-+91-120-3090100, 3090200
Fax-+91-120-3090111, 3090211

Eco friendly packaging solution
कृपया पर्यावरण संरक्षण के लिए पॉलीथिन का उपयोग बंद करें। बिजली की बचत करें। बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लें
SIDHARTH PAPER PVT. LIMITED
Manufacturer of : Kraft Paper & Premium Coated Boards for
Eco friendly packaging solution
*Offset Printing *High Density Carton Box *Pharma Carton Box *Food Products *Cosmetics *Publications *Liquor Packaging *Beverages *Electronic Packaging
Works :
7th K.M. Moradabad Road, Kashipur-244713 (Uttarakhand)
Phone No. 05947-275287, 270873
Fax No. 05947-275286, 2708
E-mail : spl@sidharthpapers.com




NAINI
समस्त देशवासियों को
नैनी पेपर्स लिमिटेड
की तरफ से
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

राज्य के औद्योगिक विकास को समर्पित उत्तराखण्ड की अग्रणी औद्योगिक संस्था
Kgcci
कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री
की ओर से समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन अग्रवाल, अध्यक्ष
चैम्बर हाऊस, औद्योगिक आस्थान, बाजपुर रोड, काशीपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड
Ph.: No.- 05947-262478, Email-kgcci10@gmail.com

कार्यालय-नगर निगम, काशीपुर जिला-ऊधमसिंहनगर
पत्रांक : 2114/मु.कार्यालय/2025-26 दिनांक : 13/8/2025
प्रगति विवरण एवं शुभकामना सन्देश
*देश की आजादी के लिये कुर्बानी देने वाले सभी शहीदों को कोटि-कोटि नमन करते हुये समस्त देश, क्षेत्र एवं नगर वासियों को 79वें स्वन्तन्त्रता दिवस को इस मधुरिम बेला पर हार्दिक शुभकामनायें। साथ ही प्रदेश के यशस्वी और युवा हृदय सम्राट श्री पुष्कर सिंह धामी जी माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के असाधारण एवं अविस्मरणीय सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुये नगर निगम द्वारा 07 फरवरी 2025 से वर्तमान तक किये गये एवं प्रस्तावित कार्यों का विवरण जनता जनार्दन को समक्ष प्रस्तुत करते हुये नगर निगम, काशीपुर सहयोग का आकांक्षी है।*
01-7 फरवरी 2025 को राज्य ग्रहण पश्चात नगर के मूलभूत आवश्यकता वाले वार्डो में 63 करोड़ की लागत से 505 सड़कों के निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं।
02-नगर की जनता जर्नादन की सुरक्षा हेतु समस्त वार्डो में 5000 स्ट्रीट लाइटों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।
03-सफाई व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण हेतु 30 नये वाहनों की व्यवस्था का कार्य प्रगति पर है।
04-नगर निगम परिधि में संचालित विभिन्न प्रकार के लाईसेंसों में बिना कोई शुल्क वृद्धि किये व्यावसायियों का शुल्क एवं अर्थदण्ड में राहत।
05- नगर क्षेत्र में ई-रिक्शाओं के समुचित संचालन हेतु नियमों के अनुरूप प्रभावी नियंत्रण की नीति बनाना।
06-नगर के 50 वर्षो से ज्वलंत जलभराव की समस्या के निस्तारण हेतु प्रभावी कार्यवाही कर सफल नियंत्रण करना।
07-डोर टू डोर कूड़े के प्रबंधन हेतु समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठानों को डस्टबिन वितरण।
08- नगर निगम स्तर से सभी नये 17 वार्डो में 190 करोड़ की लागत से अवस्थापना सुविधायें सड़क, बिजली नाले/नाली, पार्क आदि प्रस्तावित हैं।
09-05 रजत जयंती पार्को का कार्य यथाशीघ्र आरम्भ किया जाना प्रस्तावित हैं।
10-आगामी अक्टूबर माह में जटिल स्थलों पर आमजन की सुविधार्थ सड़कों का निर्माण कार्य।
11-वार्ड नम्बर 05 कचनालगोसाई में आधुनिक गौशाला निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

12-राजकीय पशुचिकित्सालय में निर्मित कराये गये भवन में ए.बी.सी. कैम्पस का सवालन सुचारू किया गया है।
13-निगम सीमान्तर्गत आमजन को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु विभिन्न क्षतिगस्त पाईपलाईनों टयूबेल एवं अन्य कार्यो हेतु जल संस्थान की 4 करोड़ की धनराशि हस्तानान्तरित की गई हैं।

(रविन्द्र सिंह बिष्ट)
नगर आयुक्त
(दीपक बाली)
महापौर
पार्षदगण श्रीमती बीना नेगी, श्री संजय शर्मा, श्री अनिल कुमार, श्रीमती सीमा सागर, श्री कदीर अहमद, श्री सतीश कुमार, श्री अनूप सिंह, श्री कुलदीप शर्मा, श्री अभिषेक, श्रीमती अंजना, श्रीमती ममता कुमारी, श्री अब्दुल कादिर, श्रीमती गुंजन प्रजापति, श्री प्रिंस बाली, श्री संदीप सिंह (मोनू), श्री मनोज कुमार जग्गा, श्री पुष्कर सिंह विष्ट, श्री गुरविन्दर सिंह चण्डोक, श्री शिवांश गोले, श्री राशिद हुसैन, श्रीमती हुसन जहाँ, श्रीमती अफरोज जहाँ, श्रीमती नाजमा बेगम, श्री मौ0 मोनिश, श्री मौ0 शरीफ, श्री सरफराज, श्रीमती जीनत बानी, श्रीमती सीमा टण्डन, श्रीमती मेहराज जहाँ, श्री सुरेश कुमार सैनी, श्री अरशद अली, श्रीमती तबस्सुम, श्रीमती दीपा पाठक, श्री विजय कुमार, श्री मयंक मेहता, श्री शाह आलम, श्रीमती वैशाली गुप्ता, श्री अशोक कुमार सैनी, श्रीमती अनीता काम्बोज, श्री रवि कुमार

Best wishes from.....
R. K. AGRA WAL AGR O SEEDS LTD .
Fact. : R.K. Puram, Manpur Road
KASHIPUR-244713 (UTTARAKHAND)
Tel : 05947-275300, 276300
Fax : 05947-260300

JRL HAPPY INDEPENDENCE DAY
JIND AL REFINERIES LIMITED
Gangapur Industrial Area
5 Km. Moradabad Road, Kashipur-244713
Tel:+91 5947 278724, 278031 Fax: 275372
www.jindalrefineries.com

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
SPNG INDOSTAR™
Fe 550 D TMT BARS
Trade Enquiry: 99277 48888, 70556 30000,
www.indostar.com

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

राम मेहरोत्रा
पीसीयू चेयरमैन
प्रदेश संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड
पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा
काशीपुर (उधम सिंह नगर)

स्वतंत्रता दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आशीष गुप्ता
पूर्व जिला कोषाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, उत्तराखण्ड

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

त्रिलोक सिंह चीमा
विधायक, काशीपुर

हरभजन सिंह चीमा
पूर्व विधायक, काशीपुर

KVS PREMIER
KAL AAJ AUR HAMESHA
स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनायें।
उत्तर भारत की प्रथम
BLOCK MILL TECHNOLOGY
POWERCON+ 550D
TMT सरिया
Trade Enquiry: +91 99277 47777


# आपदा राहत धराली: मलबे के अंदर उम्मीद ले रही सांसें

**चिरंजीवसेमवाल**

**उत्तरकाशी:** जिले के धराली गांव में आये जल प्रलय को 12 दिन बीत चुके हैं लेकिन राहत और बचाव कार्य निरंतर जारी हैं। 5 अगस्त को खीरग. ंगा में आये जल सैलाब ने पूरे धराली को तहस-नहस कर दिया था, 15 से 25 फीट गहराई तक होटल, होमस्टे ,घर और लोग दब गए थे, लापता लोगों की तलाश में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य दल लगातार जुटे हैं, एनडीआरएफ टीम मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार का इस्तेमाल के साथ डॉग स्क्वायड भी करवा रही है रही है।



79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धराली के समेश्वर देवता मंदिर प्रांगण में रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे एसडीआरएफ के आईजी अरुण मोहन जोशी ने तिरंगा फहराकर प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया, आपदा में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया, ग्रामीणों ने इस अवसर को नई शुरुआत और हिम्मत का प्रतीक माना है।

वहीं, हर्षिल क्षेत्र में आपदा के बाद बनी करीब डेढ़ किमी लंबी अस्थायी झील प्रशासन के लिए नई चुनौती है, तेलगाड में आए मलबे से बनी इस झील में भागीरथी नदी की गाद लगातार जमा हो रही है, जिससे यह अब दलदल का रूप ले चुकी है, भारी मशीनें यहां काम नहीं कर पा रही हैं, इसलिए स्थानीय मजदूर और साधन लगाकर मैनुअल सफाई की जा रही है।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्थलीय निरीक्षण कर बताया कि फिलहाल झील से पानी का प्रवाह अब सामान्य है झील पंचर करने में टीम को सफलता भी मिली चुकी है और तत्काल कोई खतरा नहीं है लेकिन मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी रहेगा, उन्होंने अधिकारियों को सतर्क निगरानी और समय-समय पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। धराली और हर्षिल के लोग इस कठिन समय में प्रशासन और बचाव दलों के सहयोग से धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर बढ़ रहे हैं, स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन आपदा के बीच उम्मीद, एकजुटता और साहस का प्रतीक बन गया।

वहीं महामहिम राज्यपाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व की तारीफ की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रदान की जा रही हरसंभव सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन और विश्लेषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में रोडमैप तैयार हो सके। राज्यपाल ने आईआईटी रुड़की की वैज्ञानिक टीमों से वर्चुअल संवाद किया, हर्षिल में बनी झील से जल निकासी, धराली-मुखबा पुल की स्थिति और सुरक्षा सहित अन्य अभियानों की प्रगति की जानकारी ली। सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने क्षति का आकलन और अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

# श्रीनगर में डेंगू का मरीज मिलने से चिकित्सा प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत डेंगू का मरीज पाये जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी के निर्देशानुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम नैथानी ने शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्य अधिकारियों की उपजिला संयुक्त अस्पताल में आपातकालीन बैठक ली। डॉ. गौतम नैथानी ने आशा और एएनएम को घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन को बढ़ाये जाने और लोगों को डेंगू के बारे में जागरुक किये जाने की बात कही। डॉ. नैथानी ने डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की स्क्रीन कर डेंगू के लक्षण पाए जाने पर तुरंत अस्पताल भेजे जाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य कार्मिक व



चिकित्सकों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बुखार के मरीज की डेंगू की जांच की जाए।

अस्पताल की लैब, ब्लड बैंक को फ्रेश फ्रोजन, प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, पैक सेल, होल ब्लड हर समय उपलब्ध किये जाने के डॉ. नैथानी ने निर्देश दिए। डॉ. नैथानी के अनुसार एसएसबी का एक जवान बीते गुरुवार को डेंगू पॉजिटिव पाया गया जिसे बेस अस्पताल में भर्ती किया गया था। बताया कि जवान शनिवार को डिस्चार्ज हो गया है। डॉ. नैथानी ने बताया कि नगर निगम को भी पॉजिटिव मरीज के बारे में जानकारी दी गई है। जिससे संबंधित इलाके में कार्यवाही की जा सके। बताया कि श्रीनगर के बेस व संयुक्त अस्पताल में डेंगू के लिए बेड आरक्षित किये गये हैं। उन्होंने नगर निगम के अंतर्गत सभी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक गुरुवार को अपने कार्यालय के प्रांगण का डेंगू रोकथाम के लिए सर्वेक्षण करें। डॉ नैथानी ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि वह अपने आस-पास बरसात का पानी जमा ना होने दें,मॉस्किटो रिपेलेंट का इस्तेमाल करें और पूरे आस्तीन के कपड़े पहने। बैठक में मलेरिया अधिकारी इंद्रपाल सिंह, डॉ शुभम , डॉ दीक्षा,नर्सिंग ऑफिसर प्रवेश पैन्यूली,धीरेन्द्र,लक्ष्मण आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिरों को फूलों व लाईटों से विशेष तौर पर सजाया गया है। बच्चों ने भगवान कृष्ण का रुप रखकर कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। लोगों ने मंदिरों में जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी।

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियां सप्ताह भर से चल रही थीं। शनिवार को इंतजार की घडियां खत्म हुईं और वह दिन आ पहुंचा। सुबह स्नान-ध्यान कर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। दिन भर भजन-कीर्तन करते हुए लोगों ने श्री कृष्ण जी की आराधना की।

जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को शहर के विभिन्न मंदिरों पर भगवान कृष्ण के प्रकटोत्सव का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने भगवान कृष्ण व राधा बनकर प्रतियोगिता में भागीदारी की गई।

गीता मंदिर गोविंद नगर, बालाजी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, सिंदुरा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम हुए, जिसमें छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राधा-कृष्ण रूप धारण कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मंदिरों पर विशेष पूजा का आयोजन सुबह से ही प्रारंभ है। कई मंदिरों पर प्रसाद वितरण का कार्य भी भक्तों द्वारा किया गया। दिन भर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भजन-कीर्तन किया।

# भारी भूस्खलन से मांदरा गांव पर मंडराया खतरा

**24 घंटे बाद छतियारा-खवाड़ा मार्ग खुला, लेकिन मलबा गिरने से खतरा बरकरार ग्रामीणों ने भूगर्भीय सर्वेक्षण और स्थायी समाधान की उठाई मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक की बासर पट्टी के मांदरा गांव के नीचे हुए भारी भूस्खलन से शहीद विनोद पाल सिंह बिष्ट छतियारा-खवाड़ा मार्ग करीब 24 घंटे तक बाधित रहा। मशीनों की मदद से लगातार मलबा हटाने के बाद सड़क पर यातायात आंशिक रूप से सुचारू हो सका है, लेकिन पहाड़ी से रुक-रुक कर गिर रहा मलबा और चट्टानें अब भी खतरा बने हुए हैं। इस कारण पूरा गांव आपदा की जद में दिखाई दे रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश के बाद मांदरा गांव के नीचे की पहाड़ी असुरक्षित हो गई है, जिससे मिट्टी और पत्थरों के लगातार खिसकने की स्थिति बनी हुई है। दिन-रात पहाड़ी से गिरने वाला मलबा सड़क को बाधित कर रहा है। कई बार मशीनों से सफाई कर मार्ग खोला जाता है, लेकिन कुछ ही घंटों बाद पुनः सड़क बंद हो जाती है। इससे न केवल वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों का जीवन भी संकट में पड़ गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर स्थायी समाधान निकाला जाए। उनका कहना है कि मांदरा गांव पहले से ही आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है। यदि समय रहते आवश्यक उपचारात्मक कार्य नहीं किए गए, तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष की प्राकृतिक आपदा के दौरान भी इसी क्षेत्र में गंभीर भूस्खलन और भूधंसाव हुआ था, जो अब तक थमा नहीं है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डी.सी. नौटियाल ने बताया कि मार्ग को फिलहाल यातायात के लिए खोल दिया गया है। लेकिन बारिश जारी रहने पर खतरा और गहरा सकता है। उन्होंने बताया कि मौके पर मशीनरी और संबंधित टीम को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# मां दुर्गा देवी यात्रा का शेरसी में पुष्प वर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी के न्यालसू रामपुर के ग्रामीणों की आराध्य शक्तिपीठ मां दुर्गा देवी अपनी बद्रीनाथ धाम दिवारा यात्रा के तहत ग्राम शेरसी पहुंची, जहां पर ग्रामीणों ने माता की डोली का पुष्प अक्षतों से भव्य स्वागत किया।

बता दें कि बीते 11 अगस्त से प्रारंभ हुई शक्ति पीठ मां दुर्गा देवी (त्वंने देवी) की बद्रीनाथ धाम दिवारा यात्रा बीते दिनों गांव का भ्रमण करने के बाद शनिवार को शेरसी गांव पहुंची, जहां पर ग्रामीणों ने माता की डोली का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। माता की डोली ने कालीमाई चौक नामक स्थान में रात्रि विश्राम किया। माता की डोली के गांव में पहुंचते ही भक्तों में उत्साह देखने को मिला। आचार्य पुरोहितों ने ग्रामीणों की सामूहिक पूजा की, जिसके बाद माता ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। वहीं ग्रामीणों ने भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया। शक्तिपीठ मां दुर्गा देवी दिवारा यात्रा समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह चौहान ने बताया कि शेरसी में रात्रि विश्राम के बाद यात्रा बड़ासू के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा देवी क्षेत्र का भ्रमण कर धियाणियों को आशीर्वाद दे रही हैं। साथ ही केदारघाटी में स्थित पवित्र मठ मंदिर मोरू का झाड़, मां नानतोली, मां महिष मर्दनी मंदिर सहित अन्य तीर्थ स्थलों में दर्शन कर आगे बढ़ेगी।

# टिहरी में बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

**रामपुर में बर्ड फ्लू के मामले सामने आते ही टिहरी में पोल्ट्री उत्पादों पर दो हफ्ते का प्रतिबंध जिलाधिकारी ने जारी की गाइडलाइन, पशुपालन विभाग कर रहा स्थिति पर कड़ी नजर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर के बिलासपुर विकासखंड के कुछ गांवों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद टिहरी गढ़वाल प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने एहतियाती कदम उठाते हुए जनपद में अगले दो सप्ताह तक उत्तर प्रदेश से कुक्कुट पक्षियों, अंडों, पोल्ट्री मांस और इससे जुड़े उत्पादों के परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।



मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा ने जानकारी दी कि हालांकि हाल ही में ऊधमसिंहनगर में कुछ कुक्कुट प्रजाति के पक्षियों की मौत की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में सभी सैंपल नेगेटिव पाए गए। वर्तमान में टिहरी गढ़वाल जनपद में स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देश (2021) और निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

इसके लिए जिला स्तर पर टास्कफोर्स की नियमित बैठकें आयोजित होंगी, जिनमें सतर्कता और सावधानियों की समीक्षा की जाएगी। पशुपालन विभाग की टीम लगातार पोल्ट्री पालकों से संपर्क बनाए हुए है, ताकि यदि कहीं पक्षियों में असामान्य बीमारी या अचानक मौत की घटना होती है तो तुरंत रिपोर्ट मिल सके।

डॉ. शर्मा ने पोल्ट्री फार्म संचालकों और उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। नियमित जांच के तहत ही सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंडा और पोल्ट्री मांस का सेवन पूरी तरह सुरक्षित है, बशर्ते मांस को अच्छी तरह पकाकर ही उपयोग किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन एवं पशुपालन विभाग द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

# भटवाड़ी चडेथी के बीच नासूर बना हाईवे, आए दिन होता है बंद

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भटवाड़ी और चडेथी के बीच घोडाला नामक स्थान पर आये दिन भूस्खलन की चपेट में आने से बीआरओ के लिए मुसीबत बन रहा है।

इस स्थान पर बारिश होते ही दल-दल होने से सड़क धंस रही है जिस कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग गये दोनों बाधित हो रहा है । वहीं अगर बात करें तो भटवाड़ी चडेथी सहित क्षेत्र में कहीं स्थानों पर बारिश के कारण भूध्वसाव हो रहा है चडेथी में पीडब्ल्यूडी सहित कुछ दुकाने भी खतरे की जद में हैं जिससे लोग आये दिन सहमें हुए दिख रहें हैं।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल

पत्रांकः एन.एच.एम./आई.ई.सी./2025-26/271 दिनांक 13 अगस्त 2025

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
जिला स्वास्थ्य समिति जनपद नैनीताल।
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

सर्पदंश होने पर

क्या करें
- धीरे-धीरे साँप से दूर हो जाएं।
- घाव वाले अंग को स्थिर रखें (न हिलाएँ)
- यदि सर्पदंश वाली जगह पर किसी प्रकार का आभूषण, जूते, अंगूठी, घड़ी या तंग कपड़ा है तो निकाल दें।
- पीड़ित को स्ट्रेचर पर बाईं करवट लिटाएं, दाहिना पैर मुड़ा हुआ हो और हाथ से चेहरे को सहारा दें।
- पीड़ित व्यक्ति को तुरंत नज़दीकी अस्पताल लेकर जाएं।

क्या ना करें
- साँप पर हमला करने या उसे मारने की कोशिश ना करें। यदि आप ऐसा करेंगे तो साँप अपनेबचाव में आपको काट सकता है।
- सर्पदंश वाले घाव को न काटें और न ही घाव पर सर्प विषरोधी इंजेक्शन या दवाई लगाएँ।
- घाव को बांध कर रक्त संचार रोकने का प्रयास न करें।
- रोगी को पीठ के बल न लिटाए इससे वायुमार्ग में रुकावट हो सकती हैं।
- पारंपरिक तरीको से उपचार करनें का प्रयास न करें।

जिला सर्विलैन्स अधिकारी नैनीताल
मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल
जिला अधिकारी नैनीताल

# माता-पिता खो चुके बच्चों की शिक्षा का उठाएंगे पूरा खर्च : दीपक बिजल्वाण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** धराली त्रासदी में अपनों को खोये पीड़ितों के मदद के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा नेता दीपक बिजल्वाण न आगे आकर 50-50 हजार रुपए की धनरा. शि नगद देकर राजनीति में नई इबारत लिखी है ।

श्री बिजल्वाण ने ऐलान किया है कि आपदा में जिन बच्चों ने अपने माता -पिता खोया है उन बच्चों की शिक्षा का भी खर्च उठाएंगे ।



बता दें कि 5 अगस्त धराली हर्षिल में आई विनाश कारी बाढ़ से को धराली गांव उजड़ा , यहां के होटल, होमस्टे और सेब के बागवान उजड़े हैं। आपदा के 12 वें दिन भारी वर्षा के बीच राहत व बचाव अभियान जारी । बता दें कि भटवाडीघ ब्लॉक प्रमुख श्रीमती विनीता रावत एवं भाजपा नेता जगमोहन सिंह रावत ने धराली पीड़ितों के मदद की अपील की । इधर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने धराली मृतक आश्रितों के लिए पूर्व प्रमुख श्रीमती विनीता रावत के हाथों 50-50 हजार रुपए की मदद भेजी है ।

दीपक बिजल्वाण ने कहा यह आपदा केवल धराली गांव की नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड की पीड़ा है। इस दुख की घड़ी में हम सब मिलकर पीड़ित परिवारों के साथ है व मैं आगे भी पीड़ित परिवारों की यथासंभव सहायता करता रहूंगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का इस्तीफा, पूर्व विधायक बोले भाजपा की गोद मे बैठे कांग्रेस विचारधारा के सदस्यों का हो निष्कासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली / चमोली** जनपद में कांग्रेस समर्थित और कांग्रेस विचारधारा के सबसे अधिक सदस्यों की जीत के बावजूद भाजपा का जिला पंचायत अध्यक्ष बनने पर नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को भेज दिया है साथ ही उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को 6 अन्य कार्यकर्ताओ के नाम भी भेजे हैं जिन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी ने पार्टी के खिलाफ कार्य करने वाले इन 6 कार्यकर्ताओ पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की है। वहीं कांग्रेस के पूर्व विधायक डॉ जीतराम ने भी अब अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पार्टी के खिलाफ काम करने वाले कार्यकर्ताओ के लिए कांग्रेस में कोई स्थान नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा कि इस पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा के खिलाफ वोट करते हुए कांग्रेस विचारधारा के प्रत्याशियों को विजयी बनाया लेकिन कांग्रेस विचारधारा के वही लोग जीतने के बाद भाजपा की गोद मे जा बैठे ऐसे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुक. ेश नेगी ने अगर ऐसे कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की है तो ये बिल्कुल जायज है उन्होंने कहा कि ये विचारधारा की लड़ाई है और जनता ने कांग्रेस की विचारधारा को इस पंचायत चुनाव में अपना मत दिया लेकिन कांग्रेस विचारधारा से जीत कर आये विजयी जिला पंचायत सदस्यों ने भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर जनता के मत का अपमान किया है।

# जनता का आशीर्वाद ही मेरी ताकत: ब्लॉक प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना के नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी ने नैलचामी पट्टी के अंतर्गत आने वाले बहेड़ा, जखनियाली, सेमल्थ, मुयाल गांव गौरिया, मंजियाड़ी, चामी, नैल, जाख चौरा और भटवाड़ी सहित कई गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने जनता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो भरोसा और स्नेह दिया गया है, उसका प्रतिफल वह क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के रूप में देंगे। उन्होंने कहा कि विकासखंड के सभी गांवों को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता है। जहां-जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, वहां पर विशेष ध्यान देकर कार्य किए जाएंगे ताकि किसी भी गांव के लोग पीछे न रह जाएं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह जनता की भावना और अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बनाएंगे और उनका ईमानदारी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

बहेड़ा नीलकंठ में आयोजित स्वागत सभा में कंडारी ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने उन्हें जिस विश्वास और समर्थन के साथ क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद तक पहुंचाया है, वह उनके लिए आजीवन यादगार रहेगा।

उन्होंने इसे जनता की एकजुटता और सहयोग का परिणाम बताया और कहा कि यह आशीर्वाद ही उन्हें आगे बढ़ने और क्षेत्र का समुर्. चत विकास करने की शक्ति देगा।

इस अवसर पर कनिष्ठ प्रमुख कृष्णा गैरोला, अनिल चौहान, रीना कंडारी, शांति प्रसाद,रनिराम, आद. ेश कुमार, प्रीति कुमारी, प्रधान विनोद जोशी, गजेंद्र नौटियाल, चंद्रमोहन, ममता नौटियाल, दर्मियान सिंह सजवाण, प्यारेलाल, राम प्रकाश, रेंज अधिकारी आशीष नौटियाल, हरि प्रसाद नौटियाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भी नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख का उत्साहपूर्वक स्वागत कर उनके नेतृत्व में विकास की नई दिशा की उम्मीद जताई।

# जबरन नारे बुलवाने का प्रयास करने पर तीन युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने मारपीट, गालीगलौज करने पर तीन युवकों पर गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीनगर के डुंगरीपंथ क्षेत्र तीन युवक एक व्यक्ति के साथ मारपीट व अभद्रता कर जबरन नारे बुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित युवकों के खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वायरल वीडियो में विशेष समुदाय के व्यक्ति के साथ मारपीट होते देखी गई।

कार्यालय नगर पालिका परिषद रानीखेत चिलियानौला

पत्रांकः 361/न0पा0/2025-26 दिनांक– 13 अगस्त 2025

15 अगस्त 2025 79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

15 अगस्त 2025 79 वे स्वतन्त्रतादिवस के अवसर पर हग राव गिलकर नगर के विकास का नया इतिहास रचने का संकल्प लेकर नगरवासियों की समस्यामुक्त जिन्दगी का हक दिलाने में प्रयासरत रहेंगे।

नागरिक बन्धुओं से विनम्र अपील

1. निकाय के समस्त करों एवं शुल्को का भुगतान समय से करें।
2. व्यावसायिक लाइसेन्स अनिवार्य रुप से बनवायें।
3. स्वरोजगार को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें।
4. शहर को न करें मैला, सामान लाने के लिए घर से लायें थैला।
5. पॉलीथिन प्रतिबन्धित है, कृपया पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें। (सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें)
6. घर का कचरा बाहर न फेंके। कचरा एकत्रित कर नगर पालिका के कूड़ा वाहन में ही डालें।
7. अपने घर एवं प्रतिष्ठान का सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा, और परिसंकटमय कूड़ा अलग-अलग करके नगर पालिका के कूड़ा वाहन में डालें।
8. खुले में, सडक पर, नाली/नाले/नगर आदि स्थानों पर कूड़ा फेंकना/थूकना तथा कूड़ा जलाना कानूनी अपराध है।
9. नगर के विकास एवं केन्द्र और राज्य सरकार की कार्य योजनाओ को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते हुए यूजर चार्जेज इत्यादि का भुगतान समय से करें
10. अतिक्रमण प्रथा पर रोक लगाने हेतु न तो स्वयं अतिक्रमण करें न ही दूसरों को अतिक्रमण करने दें।
11. जल संचय जीवन संचय, नलों में टोंटी लगावें, जल को व्यर्थ न बहने दें।
12. पर्यावरण सन्तुलन हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा वृक्षो को न काटे और न ही काटने दे।
13. जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन अवश्य करायें।
14. समान नागरिक संहिता 2024 के अन्तर्गत आवश्यक रूप से पंजीकरण करायें।
15. सीवर का पानी खुले मे न बहाये।
16. बरसात में छत से निकलने वाले पानी के पाईप को नाली तक जोडे।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
रानीखेत चिलियानौला।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
रानीखेत चिलियानौला।

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
आनन्द सिंह नेगी
अधिशासी अभियंता
सिंचाई खण्ड सितारगंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

ओम नारायण मिश्रा
वरिष्ठ विपणन अधिकारी, सितारगंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

चंदन बस्नेत
अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

महेश मित्तल
जिलाध्यक्ष
उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनील यादव
वरिष्ठ समाजसेवी
सितारगंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

रमेश बावा
वरिष्ठ समाजसेवी
एवं प्रधानपति
सरकड़ा, चीनीमिल (सितारगंज)

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं


रेशम सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम-कुंवरपुर, सितारगंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल
Pre Nursery to Class XII
(Science & Commerce)
Pandri, Sitarganj (U.S.Nagar)

पुनीत गोयल

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डा० कौशल कुमार
MBBS, MD (Critical Care)
गुरु तेग बहादुर मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने, खटीमा रोड सितारगंज
मोबाइल:745828000, 7465829000


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

जगजीत सिंह 'जिम्मी'
वरिष्ठ भाजपा नेता, सितारगंज

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस 15th AUGUST


पंकज गहतोड़ी
पूर्व जिला उपाध्यक्ष
भाजपा यु.मो., ऊ.सिं.नगर

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
दारा सिंह
देवेश कुमार एण्ड कम्पनी
सिडकुल सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवेश कुमार
(काका)
सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता
सितारगंज


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
S.H. MULTI SPECIALITY HOSPITAL

✆ 8954918000
एस. एच. मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
S. H. MULTI SPECIALITY HOSPITAL
डॉ0 अतुल पाण्डे
M.B.B.S., M.S. Ortho.
हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ0 रिचा पाण्डे
M.B.B.S., D.N.B. Gyne
स्त्री रोग विशेषज्ञ
पीलीभीत रोड सितारगंज (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं


सौरभ बहुगुणा
कैबिनेट मंत्री
उपकार सिंह बल
ब्लॉक प्रमुख
सितारगंज

# पाक में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

## खैबर पख्तूनखवा में हुई बारिश ने तबाही मचाई



■ सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिका. रियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई।

शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा। पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डान की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकाप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मनसेहरा में दपुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रति. बंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए। एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।



अलास्का। एंकोरेज में संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में अपनी बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

## लेबनान के प्रधानमंत्री ने की हिज्जबुल्लाह की गृहयुद्ध की धमकी की निंदा

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिज्जबुल्लाह नेता नईम क़ासिम के समूह को निरस्त्र करने के सरकार के फैसले को लेकर गृहयुद्ध की धमकी दिए जाने की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर अपने वीडियो पोस्ट में कहा कि कासिम के भाषण में गृहयुद्ध की छिपी हुई धमकी थी और ये धमकियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उन दावों को भी निराधार बताया कि लेबनानी सरकार 'एक अमेरिकी-इज़रायली परियोजना' चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारे फ़ैसले पूरी तरह से लेबनानी हैं, जो हमारी मंत्रिपरिषद के भीतर लिए गए हैं और कोई भी इन्हें हम पर थोपता नहीं है। इससे पहले कासिम ने शुक्रवार को इजरायली हमले के जवाब में कहा था कि हिज्हजबुल्ला अपने हथियार नहीं छोड़ेगा और जरुरत पड़ने पर युद्ध के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजर में भारी बारिश से 23 लोगों की मौत, 21 घायल

**नियामी।** नाइजर में मूसलाधार बारिश से इस वर्ष अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 21 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अग्निशमन समूह के कमांडर ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अली अब्दुल अजीज ने कहा कि बारिश के कारण 3615 घर ढह गए और 5855 परिवार विस्थापित हो गए जिससे कुल 42559 लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान या उसके बाद वे जलमार्गों को पार करने, जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध करने, संभावित खतरनाक क्षेत्रों में रहने तथा अस्थाई आश्रयों में रहने से बचें।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री कल दो दिन की यात्रा पर नेपाल जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मिस्री की दो दिन की यह यात्रा नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर हो रही है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा नेपाल के बीच मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई है।

### कनाडा में जंगल की आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा।** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पश्चिमी रूस में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 130 घायल

**मास्को।** पश्चिमी रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि मलबा हटाने के दौरान दो और लोगों के शव मिले। इस मामले में ताजा सूचना मिलने तक 11 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार इससे पहले एक व्यक्ति को मलबे से बचाया गया था जिसका पता एयर-मोबाइल समूह ग्रुप ने लगाया था।

# रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया



■ भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि भारत के रूसी तेल व्यापार पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से रूस ने एक बड़ा तेल ग्राहक खो दिया है। चीन पर इसी तरह के टैरिफ रूस के लिए विनाशकारी होंगे। अगर मुझे ऐसा करना पड़ा, तो मैं करूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था-ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।

इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बात. चीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। एकरिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

## यूरोपीय संघ के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया: डोनाल्ड टस्क

**ब्रुसेल्स।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने शनिवार को कहा कि यूरोपीय संघ(ईयू) के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत पर विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया है। टस्क ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दी गई जानकारी और अलास्का बैठक के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले यूरोपीय नेताओं के बीच बातचीत समाप्त हो गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फेडरिक मर्ज़, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हमने ज़ेलेंस्की की राय सुनी और एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया। पुतिन और ट्रम्प शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में मिले। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तीन-पर-तीन प्रारूप में हुई और दो घंटे 45 मिनट तक चली।

# गुटेरेस पुतिन-ट्रम्प बैठक के सकारात्मक नतीजों के प्रति आशान्वित

■ हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं: स्टीफन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा कि हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है। हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि कोई भी शांति प्रयास या समझौता संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गुटेरस ने यूक्रेन में शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल पूर्ण रूप से बिना शर्त युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया है। प्रवक्ता के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र इस दिशा में सभी सार्थक प्रयासों का समर्थन करता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर बैठक अलास्का के एंकोरेज स्थित एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर हुई। यह वार्ता लगभग तीन घंटे तक चली। बैठक में रूसी पक्ष की ओर से रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव तथा अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भाग लिया। इस बीच दुजारिक ने कहा हम एक न्यायसंगत, स्थायी और व्यापक शांति स्थापित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं जो यूक्रेन की संप्रभुता, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा के अंदर यूक्रेन की स्वतंत्रता को बरकरार रखे तथा संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुरूप हो।

## ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री ने पारिवारिक वीजा रद्द करने पर अमेरिका की आलोचना की

■ इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्जेंडर पैडिल्हा ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार द्वारा उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के पर्यटक वीजा रद्द करने के निर्णय को 'कायरतापूर्ण' करार दिया और कहा कि यह उन लोगों को डराने की कोशिश है जो वाशिंगटन के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

पैडिल्हा के अनुसार, यह कदम ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर ब्राजील द्वारा लगातार चलाए जा रहे मुकदमे के कारण लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का हिस्सा है जो तख्तापलट की कोशिश करने के आरोप में नजरबंद हैं। ग्लोबोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में पैडिल्हा ने कहा कि बोल्सोनारो का गुट इस कदम के पीछे है तथा उन्होंने इस सोच का मजाक उड़ाया कि 10 साल का बच्चा अमेरिका के लिए खतरा बन सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट पर बोल्सोनारो मामले को छोड़ने के लिए दबाव डाला था।

## अल्जीरिया में बस दुर्घटना में 18 की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व में ईएल हर्राच क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पुल से नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस दुर्घटना की जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम लगभग 5:45 बजे हुई। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है जबकि मृतकों के शवों को शवगृह में रखा गया है। एजेंसी ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 25 एम्बुलेंस, 16 गोताखोर और चार नावों को भेजकर बचाव कार्य शुरू किया।

# सीएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार तिरंगा फहराया

## वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सीएटल शहर में उस समय एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है।

इस ऐतिहासिक क्षण में सीएटल के मेयर ब्रूस हेरेल, भारत के महावाणिज्य दूत और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया उन्होंने अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम में एक तकनीकी केंद्र के रूप में सीएटल को स्थापित करने में भारतीय अमे. रिकी प्रवासियों के योगदान की सराहना की। भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अलग से एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन सुंदर केरी पार्क में किया गया, जहां से सीएटल के क्षितिज का व्यापक दृश्य दिखाई दे रहा था तथा पृष्ठभूमि में स्पेस नीडल के शीर्ष पर भारत का तिरंगा ध्वज लहरा रहा था, जहां बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य इस ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए उपस्थित थे। केरी पार्क स्वागत समारोह में कई अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए जिनमें अमेरिकी कांग्रेस सदस्य एडम स्मिथ, वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश माननीय डेबरा एल- स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सीएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज़ शामिल हैं। स्मिथ ने ऐतिहासिक समारोह का स्वागत किया और कहा कि स्पेस नीडल के ऊपर फहराया गया भारतीय तिरंगा इस क्षेत्र की विविधता और भारत तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, भारतीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति और प्रसिद्ध कलाकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा द्वारा काव्य पाठ शामिल रहा। सीएटल, स्पोकेन, टैकोमा और बेलेव्यू सहित किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। ल्यूमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सीएटल ग्रेट व्हील और स्पेस नीडल सहित कई प्रतिष्ठित इमारतें तिरंगे के रंगों में रोशन हुईं। टैकोमा डोम, टैकोमा सिटी हॉल और टैकोमा पुलिस व अग्निशमन विभाग के मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में सीएटल में भारत के छठे वाणिज्य दूतावास के खुलने के बाद से भारत और इस क्षेत्र के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।

# द.कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बातचीत: जयशंकर

## दोनों देशों में हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ



■ हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ अपनी वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत बनेंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को यहां डॉ. जयशंकर के साथ वार्ता की।

दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि कोरियाई विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह दक्षिण कोरिया के विद. ेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर प्रसन्नता हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री क्षेत्र और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की। वार्ता शुरू होने से पहले डा. जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। डा. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है-यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है, और मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था।

# दक्षिण कोरिया में सैनिकों की संख्या में छह वर्षों में आई 20 प्रतिशत की कमी

## जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा, तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सेना में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी आने से कुल संख्या 450000 रह गई है, जिसका मुख्य कारण विश्व में सबसे कम जन्म दर वाले देश में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती होने की आयु वाले पुरुषों की जनसंख्या में भारी गिरावट और पुरुषों का सेना के प्रति रूझान में कमी आना है।

दक्षिण कोरिया की जन्म दर पिछले एक दशक में काफी गिरी है जिससे क्षेत्रीय खतरों और वैश्विक संघर्षों के बीच सेना के लिए परेशानी पैदा हो गई हैं। सीएनएन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इस बीच रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस गिरावट के लिए 'जटिल कारकों' को ज़िम्मेदार ठहराया गया है जिनमें जनसंख्या में गिरावट और सेना में 'सैनिकों जैसा कठोर व्यवहार' होने के कारण पुरूषों में सैन्य अधिकारी बनने की इच्छा में आई कमी भी शामिल है। हालांकि रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुता. बिक वर्ष 2019 के 563000 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक सैनिकों की कुल संख्या 450000 रह गई है। पिछले सप्ताह सांसद चू मी-ए द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अगर स्थाई सेना (सदस्यों) की संख्या में गिरावट जारी रही तो उच्च-स्तरीय जनशक्ति हासिल करना और परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है यह खबर पश्चिमी देशों के प्रमुख सहयोगी दक्षिण कोरिया के लिए उस बुरे समय में आई है जबकि उसके यहां बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और उसकी अमेरिका के साथ पारस्परिक रक्षा संधि भी है।

CMYK








# ध्वजारोहण के साथ दी गई बेमिसाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व सांसद पद के प्रत्याशी इनाम अब्बासी भारतीय के देहरादून रोड खानआलमपुरा स्थित कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जहाँ पूर्व सांसद पद के प्रत्याशी इनाम अब्बासी भारतीय, सांसद इमरान मसूद, एमएलए शाहनवाज खान ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अनुज शर्मा भारतीय सलमान भारतीय राजेश कुमार भारतीय विश्वास ठाकुर भारतीय सावन शिकारा भारतीयडॉ, अबसार भारतीय हाशिम अयाज भारतीय शादाब भारतीय अफजल भारतीय राहील भारतीय हारून भारतीय हाजी इरफान भारतीय हाजी सत्तार मोनू खान भारतीय अब्दुल ईशान भारतीय आदि मौजूद रहे।

काजमी कंपलेक्स अंबाला रोड ध्वजारोहण कार्यक्रम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज गुफरान ने ध्वजारोहण किया।

पाइन हिल्स एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस अत्यंत धूमधाम और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। स्कूल प्रेसिडेंट सऊद खान ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि भारत की स्वतंत्रता अनगिनत वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. खालिद अंसारी (एडवोकेट) ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी। प्रधानाचार्य सैयद मोहम्मद समीर ने विद्यार्थियों को संविधान और कानूनों के महत्व से अवगत कराया। संचालन मिस उरूज फातिमा ने किया। कार्यक्रम कि तैयारी में साद खान, अथर हुसैन, तैयब खघन मिस मनाहिल खघन और मिस सोफिया ने सराहनीय योगदान दिया।

आनन्द नगर स्थित बर्ड फ्लू स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य श्रीमति नीलफोर शम्सी, प्रबन्धक मौ. जमाल असलम, अध्यक्ष डा. मौ. खालिद ने अपने विचार रखे।

# सपाइयों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**सहारनपुर।** सपा कार्यालय पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के साथ जिलाध्यच चौ. अब्दुल वाहिद ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान देहात विधायक आशु मलिक का संदेश भी सुनाया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, वरिष्ठ युवा नेता फरहाद आलम गाडा, फैसल सलमानी, नुसरत साबरी, मांगेराम कश्यप आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। वही पूर्व मंत्री सरफराज खान के आवास पर स्वतंत्रता दिवस मनाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी गयी। इस दौरान एमएलसी शाहनवाज खान, इसरार चौधरी, अमजद, प्रवेज खान, अदनान चौधरी आदि मौजूद रहे।
























CMYK